वर्ष : 12 | अंक : 159 टोंक | मंगलवार , 04 फरवरी, 2025 | माष, शुक्ल पक्ष सप्तमी संवत्-2081 भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹4.00 | पृष्ठ : 08

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

दैनिक

संस्करण:टोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा

# बढ़ता राजस्थान

▪ Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ



Maha Kumbh

# कुम्भोत्सव



# महाकुंभ का आखिरी अमृत स्नान 2.33 करोड़ ने डुबकी लगाई

**30 देशों से लोग पहुंचे**

## संगम से 10 किमी तक श्रद्धालुओं की भीड़

बढ़ता राजस्थान

**प्रयागराज ( एजेंसी ) ।** वसंत पंचमी पर महाकुंभ का तीसरा और अंतिम अमृत स्नान जारी है। हाथों में तलवार-गदा, डमरू और शंख। शरीर पर भभूत। आंखों पर काला चश्मा। घोड़े और रथ की सवारी। हर-हर महादेव का जयघोष करते हुए साधु-संत स्नान के लिए संगम पहुंचे।

सबसे पहले पंचायती निरंजनी अखाड़े के संत संगम पहुंचे। फिर सबसे बड़े जूना अखाड़े के साथ किन्नर अखाड़े ने अमृत स्नान किया। कतार में आकर सभी 13 अखाड़ों ने स्नान किया। संतों का आशीर्वाद लेने के लिए लाखों श्रद्धालु संगम पर थे। लोग नागा साधुओं की चरण रज माथे पर लगाते नजर आए। 30 से ज्यादा देशों के लोग भी अमृत स्नान देखने के लिए संगम पहुंचे हैं। हेलिकॉप्टर से संगम पर 20 क्विंटल फूल बरसाए गए।

संगम जाने वाले सभी रास्तों पर 10 किमी तक श्रद्धालुओं का रेला है। प्रयागराज जंक्शन से 8 से 10 किमी पैदल चलकर लोग संगम पहुंच रहे हैं। भीड़ को देखते हुए लेटे हनुमान मंदिर को बंद कर दिया गया है। मेला क्षेत्र के सभी रास्ते वन-वे हैं। महाकुंभ का सोमवार को 22वां दिन है। 6 बजे तक 2.33 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया। 13 जनवरी से अब तक 34.97 करोड़ से ज्यादा लोग डुबकी लगा चुके हैं।

महाकुंभ मेले में 60 हजार से ज्यादा जवान तैनात हैं। भीड़ संभालने के लिए 100 से ज्यादा नए आईपीएस को भी उतारा गया है। हेलिकॉप्टर से भीड़ की मॉनिटरिंग की जा रही है। 2750 सीसीटीवी भी लगाए गए हैं। लखनऊ में सीएम आवास पर कंट्रोल रूम बनाया गया है। डीजीपी, प्रमुख सचिव गृह और सीनियर अफसरों के साथ योगी तड़के 3 बजे से खुद मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

### गुलाब की पंखुड़ियों की खास तौर पर व्यवस्था की गई

महाकुंभ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं पर स्नान पर्वों के मौके पर पुष्प वर्षा को लेकर योगी सरकार के निर्देश पर उद्यान विभाग ने पिछले काफी समय से तैयारी कर रखी थी। इसके लिए गुलाब की पंखुड़ियों की खास तौर पर व्यवस्था की गई थी। महाकुंभ के सभी स्नान पर्वों पर पुष्प वर्षा कराने की तैयारी की गई है।

### 20 कुंतल गुलाब की पंखुड़ियों से हुई बारिश

प्रत्येक स्नान पर्व पर लगभग 20 कुंतल गुलाब की पंखुड़ियों से बारिश की जा रही है। पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा और पहले अमृत स्नान पर्व मकर संक्रांति पर श्रद्धालुओं पर गुलाब की पंखुडियां बरसाई गई थीं, जबकि मौनी अमावस्या के दूसरे अमृत स्नान पर भी सांकेतिक रूप से पुष्प वर्षा कराई गई।

## दिल्ली में थमा चुनावी प्रचार का शोर

### 70 सीटों पर 5 फरवरी को डाले जाएंगे वोट




बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी ) ।** दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर प्रचार अभियान खत्म हो गया। दिल्ली में मुख्य मुकाबला बीजेपी, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच है। दिल्ली में 5 फरवरी को वोट डाले जाएंगे और नतीजे 8 फरवरी को आएंगे। बीजेपी पिछले 25 साल से दिल्ली की सत्ता से बाहर है। यही कारण है कि भगवा पार्टी ने अपनी पूरी ताकत लगा रखी है। हालांकि, अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी को भरोसा है कि वे लगातार तीन वर्षों में फिर से सत्ता हासिल करेंगे।

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने भी राष्ट्रीय राजधानी में सत्ता में आने के लिए कड़ी मेहनत की। 2013 तक 15 साल तक राजधानी पर राज करने वाली कांग्रेस ने दोबारा सत्ता हासिल करने के लिए कई शो किए। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि चुनाव प्रचार भले ही बंद हो गया हो लेकिन दिल्ली की जनता ने जो फैसला लिया है उसकी झलक 5 फरवरी को दिखेगी। हमारी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने इस बार विधानसभा चुनाव के लिए बहुत मेहनत की है।

## बजट सत्र : भाजपा की सोनिया गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव की तैयारी

**राष्ट्रपति को बेचारी कहने का मामला**



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी ) ।** भाजपा के 40 सांसदों ने सोमवार को राज्यसभा अध्यक्ष से मुलाकात की है। मीडिया रिपोर्ट्स के भाजपा सोनिया गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव लाने की तैयारी में है। सोनिया के खिलाफ ये एक्शन 31 जनवरी को बजट सत्र के पहले दिन उनकी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर की गई टिप्पणी को लेकर है। दरअसल, मुर्मू ने दोनों सदनों को संबोधित किया था।

उनके अभिभाषण पर सोनिया गांधी ने द्रौपदी मुर्मू के लिए बेचारी शब्द इस्तेमाल किया था। राहुल गांधी ने भी भाषण को बोरिंग बताया था। भाजपा ने इसे आदिवासी समाज का अपमान बताया और माफी की मांग की थी। प्रधानमंत्री मोदी ने भी कहा था कि राष्ट्रपति के लिए ऐसे बयान गरीबों और आदिवासियों का अपमान है।

वहीं राष्ट्रपति भवन के प्रेस सेक्रेटरी ने भी सोनिया गांधी के बयान पर आपत्ति जताई थी। उन्होंने कहा था- विपक्षी सांसदों का बयान दुर्भाग्यपूर्ण और राष्ट्रपति की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है।



### मेक इन इंडिया अच्छा आइडिया पर फेल : राहुल

लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा की शुरुआत सोमवार को विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने की। राहुल ने कहा कि बेरोजगारी समस्या का समाधान न तो कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार कर पाई, और न ही नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए की सरकार। राहुल ने कहा- मैंने राष्ट्रपति का भाषण सुना। वह पिछले कई सालों से यही बातें दोहरा रही हैं। हमने ये किया, हमने ये किया हमने वो किया। मैं संसद में बैठकर उन्हें सुन रहा था, मैं सिर्फ उसके खिलाफ जो उन्होंने बोला। आज मैं वो बताऊंगा, कि उनका क्या संबोधन हो सकता था।

राहुल ने कहा- देश का भविष्य युवाओं के हाथ में है। इसलिए जो कुछ होना चाहिए उनके लिए होना चाहिए। केंद्र सरकार मेक इन इंडिया लेकर आई, ये अच्छा आइडिया है, लेकिन ये आखिर में फेल साबित हुआ।

#### राहुल की अपील- समाज में हिंसा, घृणा की जगह नहीं होनी चाहिए, इससे देश नष्ट हो जाएगा

भाषण के आखिर में राहुल ने कहा- पिछले सत्र में मैंने शिवजी की फिक्र दिखाई थी। एक कारण था, वह हमें बताती है कि फोकस रखो, भटको मत। काम पर ध्यान दो। शिवजी की फिलॉसफी है कि जो कहना हो वो कहो और जो करना चाहते हो उसे करो। आप सरदार पटेल की बात करते हैं, अंबेडकर की बात करते हैं। उनके मूल्यों को आपने नष्ट कर दिया। आपने बुद्ध के सामने सिर झुकाया, लेकिन उनके मूल्यों को ठुकरा दिया। आप जो हो, वही रहो। लेकिन हिंसा, घृणा की जगह नहीं होनी चाहिए, इससे देश नष्ट हो जाएगा। राहुल ने भारतीय चुनाव आयुक्त की चयन प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा- इलेक्शन कमिश्नर को चुना गया है।

Tariq : 9509674415

Mahi Car Decor

• Seat Covers • Floor Mats
• Android Players • Speakers
• Center Locking • Power Windows
• Perfumes • Ambience Light

Manufacturer of Car Seat Covers




Chacha Complex, Jalupura Link Road, M.I.Road, Jaipur

सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

## सम्पादकीय

# बजट में परमाणु ऊर्जा पर ध्यान

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में वर्ष 2047 तक कम से कम 100 गीगावॉट परमाणु ऊर्जा उत्पादन क्षमता हासिल करने की घोषणा की है। वित्त मंत्री ने बजट भाषण में कहा कि देश में 'स्वच्छ ऊर्जा की तरफ कदम बढ़ाने के लिए यह आवश्यक' है। यह लक्ष्य हासिल करने के लिए परमाणु ऊर्जा मिशन के नाम से एक खास पहल की जाएगी जिसके लिए सरकार 20,000 करोड़ रुपये का प्रावधान करेगी। देर से ही सही मगर सरकार ने यह महसूस किया है कि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए देश के ऊर्जा स्रोतों में तत्काल विविधता लाने की जरूरत है। शहरीकरण की प्रक्रिया तेज होने, ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युतीकरण के गति पकड़ने और गर्मी में तापमान अत्यधिक बढ़ने से पिछले एक दशक के दौरान देश में बिजली की मांग खासी बढ़ गई है। फिलहाल देश में बिजली की कुल मांग का 89 प्रतिशत हिस्सा जीवाश्म ईंधन से आ रहा है। ऊर्जा के दूसरे वैकल्पिक स्रोतों जैसे सौर और पवन ऊर्जा की राह में तकनीकी एवं मूल्य नीतियों से जुड़ी बाधाएं सामने आ रही हैं। बजट में घोषित इस मिशन के अंतर्गत 2033 तक पांच छोटे आकार के मॉड्यूलर रिएक्टर (एसएमआर) का परिचालन शुरू करने का लक्ष्य तय किया गया है। ये सभी उच्च क्षमता वाले रिएक्टर होंगे जिनकी बिजली उत्पादन क्षमता 300 मेगावॉट (ई) प्रति यूनिट या परंपरागत परमाणु बिजली संयंत्रों की उत्पादन क्षमता की एक तिहाई होगी। पिछले महीने अमेरिका ने भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र, इंदिरा गांधी परमाणु अनुसंधान केंद्र और इंडियन रेअर अर्थ्स लिमिटेड पर लगी पाबंदियां हटा दी थीं। भारत अमेरिका के इस कदम का तेजी से लाभ उठाना चाहता है। भारत में वर्ष 2024 में 8.18 गीगावॉट परमाणु ऊर्जा का उत्पादन हुआ था जो वर्ष 2014 में दर्ज 4.78 गीगावॉट उत्पादन के दोगुने से थोड़ा ही अधिक था। अगले 22 वर्षों में 100 गीगावॉट परमाणु ऊर्जा का उत्पादन एक चुनौतीपूर्ण लक्ष्य है। सरकार एसएमआर में निजी क्षेत्र से निवेश पर निर्भर दिखाई दे रही है। निजी क्षेत्र पर निर्भरता इस बात से भी झलकती है कि सरकार नियंत्रित भारतीय परमाणु ऊर्जा निगम लिमिटेड (एनपीसीआईएल) के लिए रकम का आवंटन वित्त वर्ष 2025-26 में 472 करोड़ रुपये घटा दिया गया है। सरकार ने परमाणु ऊर्जा विभाग का बजट भी 402 करोड़ रुपये कम कर दिया है। निजी क्षेत्र से निवेश स्वीकार करने की तत्परता दिखाने के लिए वित्त मंत्री ने घोषणा की है कि सरकार परमाणु ऊर्जा अधिनियम और परमाणु क्षति के लिए नागरिक उत्तरदायित्व अधिनियम (सीएलएनडीए) में संशोधन करेगी। पहले कानून में संशोधन के बाद भारत में परमाणु ऊर्जा उत्पादन में एनपीसीआईएल का बोलबाला खत्म हो जाएगा। संभव है कि सरकार उस शर्त का समाधान निकालने की कोशिश करेगी जिससे भारत-अमेरिका असैन्य परमाणु समझौते के बाद दुनिया में निजी क्षेत्र की परमाणु ऊर्जा कंपनियां निवेश के लिए आगे नहीं आ रही हैं। इस समझौते के अंतर्गत किसी परमाणु दुर्घटना से हुए नुकसान की सूरत में आपूर्तिकर्ताओं और परिचालनकर्ताओं की जवाबदेही तय की गई थी। एसएमआर तकनीक अपेक्षाकृत नई जरूर है मगर भारत छोटे रिएक्टर तैयार करने और इनका परिचालन करने में अपनी क्षमता की बखूबी नुमाइश कर चुका है। देश में स्थानीय स्तर पर तैयार एवं परिचालन करने वाले 22 परमाणु रिएक्टरों में से ज्यादातर की क्षमता रेटिंग 220 मेगावॉट (ई) है। भारत को परमाणु ऊर्जा से संचालित अपनी पनडुब्बी के लिए 85 एमडब्ल्यूई संयंत्र तैयार करने का भी अनुभव है। परमाणु ऊर्जा विभाग के अंतर्गत डिजाइन टीम एक मॉड्यूलर संयंत्र प्रक्रिया में देश के इस अनुभव का लाभ उठाने में जुटा हुई है। इससे निजी क्षेत्र की इकाइयों के साथ तकनीक साझा करने की संभावनाएं मजबूत हो रही हैं।

## आज का इतिहास – बढ़ता राजस्थान

### 4 फरवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ


- बांका महार भागवतभक्त ने 1318 में आज के दिन समाधि ली थी।
- हंगरी के प्रिंस बेथलेन और रोम के सम्राट फर्डीनेंड द्वितीय के बीच 4 फरवरी साल 1620 को शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
- शाहजहां को आगरा का सम्राट 1628 में घोषित किया गया था।
- इटली के कैलब्रिया में 4 फरवरी 1783 को इतना विनाशकारी भूकंप आया, जिसमें करीब 50 हजार लोगों की जान चली गई।
- सन 1789 में जॉर्ज वॉशिंगटन को अमेरिका के प्रथम राष्ट्रपति के रूप में चुना गया।
- इक्वाडोर की राजधानी क्वीटो में 4 फरवरी, 1797 को भीषण भूकंप आया, जिसमें करीब 41 हजार लोगों की मौत हो गई।
- अमेरिका की पहली टेलीग्राफ कंपनी की स्थापना 4 फरवरी, 1847 में मैरीलैंड में की गई।
- लोकमान्य तिलक के संपादन में दैनिक समाचार पत्र 'केसरी' का पहला अंक 1881 में आया था।
- अमेरिका के शिकागों में 4 फरवरी, 1895 को पहले रोलिंग लिफ्ट पुल का उद्घाटन किया गया।
- 4 फरवरी 1920 को लंदन और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहली विमान सेवा की शुरुआत हुई।
- भारत के स्वतंत्रता आंदोलन समय हुआ चौरीचौरा काण्ड 1922 को हुआ।
- महात्मा गांधी को ख़राब स्वास्थ्य के कारण 1924 में बिना किसी शर्त के मुंबई जेल से छोड़ दिया गया।
- न्यूयॉर्क के लेक प्लेसिड में 4 फरवरी, 1932 को तीसरे शीतकालीन ओलंपिक का शुभारंभ हुआ।
- भारत की सातवीं आर्मी बर्मा पर 1944 में जपान ने हमला किया था।
- आरएसएस ने 1948 में रिज़र्व बैंक की राष्ट्रीयता पर बैन लगा दिया।
- श्रीलंका 1948 को ब्रिटिश शासन से स्वतंत्र हुआ।
- भारत पाकितान के बीच 1953 में कश्मीर के मुद्दे पर पहली बार बात हुई थी।
- श्रीलंका के पहले राष्ट्रपित जूलियस जयवर्धन ने 4 फरवरी, 1978 को राष्ट्रपति पद की शपथ ग्रहण की थी।
- एर्नाकुलम को 1990 में भारत का सबसे पहला शिक्षित राज्य घोषित किया था।
- अफगानिस्तान में 4 फरवरी, 1998 को भीषण भूकंप आया जिसमें करीब 4 हजार से ज्यादा लोगों की जान चली गई।
- दुनिया को बदलने वाली सोशलनेटवर्किंग साइट फेसबुक को मार्क ज़ुकेरबर्ग ने 2004 में लांच किया था।
- अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने 4 फरवरी, 2006 को ईरान के एटमी हथियार बनाए जाने के मामले को सुरक्षा परिषद में भेजा।

## विशेष आलेख

### विश्व कैंसर दिवस पर विशेष

# कैंसर जोखिमों को परास्त करने में योग सहायक

**मानव शरीर कई कोशिकाओं से मिलकर बना होता है। इनका समय-समय पर रिप्लेसमेंट होता है। जैसे-जैसे कोशिकाएं मरती जाती हैं उनकी जगह पर नई कोशिकाओं का निर्माण होता है। इन रिप्लेसमेंट के दौरान जो सेल मल्टिप्लीकेशन होता है उसके अंदर कोई एक विकृत कोशिका भी पैदा हो जाती है और यह असामान्य कोशिका ऐसी होती है जिस पर शरीर के सिस्टम्स का कोई नियंत्रण नहीं होता और यह सेल इस तरह मल्टीप्लाई करता है कि अंततोगत्वा यह ट्यूमर अथवा कैंसर का रूप अख्तियार कर लेता है। कैंसर कई प्रकार के हो सकते हैं, सभी उम्र के व्यक्तियों में इसका जोखिम देखा जा रहा है। लक्षणों की समय पर पहचान और इलाज प्राप्त करके कैंसर से मृत्यु के जोखिमों को कम करने में मदद मिल सकती है।**




– ललित गर्ग

कैंसर एक ऐसा रोग है जिसके बारे में सुनकर ही लोग डर जाते हैं। कैंसर, वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ती गंभीर और जानलेवा स्वास्थ्य समस्याओं एवं बीमारियों में से एक है, जिसके कारण हर साल लाखों लोगों की मौत हो जाती है। विश्व कैंसर दिवस दुनिया के हर कोने में कैंसर की रोकथाम, कैंसर के लक्षणों की पहचान और इलाज के प्रति जागरूकता लाने एक महत्वपूर्ण दिन है, इस दिवस को मनाने की शुरुआत साल 2000 में पेरिस में हुई थी। 4 फरवरी 2000 को पेरिस में 'वर्ल्ड समिट अगेंस्ट कैंसर' कार्यक्रम का आयोजन कर इस दिवस को मनाने की शुरुआत हुई। अंतर्राष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण संघ हर साल एक खास थीम पर वर्ल्ड कैंसर डे मनाता है। यह खास थीम लोगों को जागरूक करने और कैंसर के खिलाफ वैश्विक कार्रवाई को प्रेरित करने के लिए बनाई जाती है। साल 2025 में वर्ल्ड कैंसर डे की थीम 'यूनाइटेड बाय यूनीक' रखी गई है। इस थीम को रखने का उद्देश्य लोगों को यह बताना है कि कैंसर न सिर्फ इलाज से बल्कि लोगों के आत्मविश्वास एवं मनोबल से जीतने वाली एक लड़ाई है, जिसे हमें जड़ से खत्म करना है। 'मैं हूँ और मैं करूँगा' जो व्यक्तियों से कैंसर के खिलाफ लड़ाई के लिए व्यक्तिगत प्रतिबद्धता बनाने का आह्वान करता है। हर साल लाखों लोग कैंसर से मरते हैं, जो विश्व स्तर पर मृत्यु का प्रमुख कारण है। साल 2022 में दुनिया भर में कैंसर से करीब 9.7 मिलियन लोगों की मौत हुई थी, साल 2040 तक, कैंसर से होने वाली मौतों की संख्या बढ़कर 15.3 मिलियन होने का अनुमान है। दुनिया में हर छठी मौत कैंसर के कारण होती है। मेडिकल क्षेत्र में क्रांतिकारी प्रयोग और तकनीक विकास के चलते कैंसर अब लाइलाज बीमारी तो नहीं रही है, पर अब भी आम लोगों के लिए इसका इलाज काफी कठिन बना हुआ है। कैंसर से लड़ने के लिए सबसे जरूरी है कि हमें इस बीमारी के बारे में सब कुछ पता हो, इसे कैसे रोका जाए और इसको कैसे डायग्नोस किया जाए। दुनियाभर में विभिन्न आय, आयु, लिंग, जातीयता आदि के समूहों की आबादी द्वारा सामना की जाने वाली कैंसर देखभाल सेवाओं तक पहुंच में अंतर को खत्म करना अपेक्षित है। असाध्य बीमारी होने के बावजूद इस बीमारी को परास्त किया जा सकता है, अगर जिजीविषा, मनोबल एवं हौसला हो तो कैंसर को भी पस्त किया जा सकता है और ऐसा होते हुए देखा भी जा रहा है। हम जानते हैं कि हममें से हर एक में बदलाव लाने की क्षमता है, चाहे बड़ा हो या छोटा, और साथ मिलकर हम कैंसर के वैश्विक प्रभाव को कम करने में प्रगति कर सकते हैं। अक्सर वही लोग खतरे में पड़ते हैं, जो खुद को खतरे में महफूज समझते हैं या खतरे को गंभीरता से नहीं लेते हैं।

हाल के वर्षों में हासिल किए गए महत्वपूर्ण कैंसर अनुसंधान मील के पत्थर को साबित हुए हैं और क्षितिज पर आशाजनक नैदानिक विकास का पता लगाया है। पिछले कुछ सालों में विज्ञान ने कैंसर के प्रकारों, कारणों और उपचारों में काफी विकास किया है एवं इस बीमारी से लड़ने एवं इसे परास्त करने में सफलता पाई है। ऐसे तमाम आम और सेलिब्रेटी हैं, जिन्होंने कैंसर का सही समय पर जांच और इलाज करवाकर जीवन का सुख प्राप्त कर रहे हैं। इस दिशा में और भी जागरूकता और सतर्कता बढ़ाने की जरूरत है। कैंसर लाइलाज नहीं है, लेकिन इसका इलाज स्टेज 1 या स्टेज 2 में पता लग जाने और तुरन्त ऑपरेशन करके निकाल देने से संभव है। इन वर्षों में अनेक प्रभावी दवाइयों एवं इलाज प्रक्रियाएं भी सामने आयी है जैसे- टार्गेटेड थेरेपी है, इम्यूनो थेरेपी है। उससे लोगों को काफी आराम मिलता है। उससे अनेक लोगों का खतरा पूरी तरह या कुछ मात्रा में कम हुआ एवं जीवन में कुछ वर्ष बढ़े हैं। कैंसर ठीक होने के सवाल में एक और बात बताना जरूरी हो जाता है कि कैंसर एक लाइफस्टाइल बीमारी भी है। इसलिये जीवन को संतुलित एवं संयममय बनाकर इस बीमारी को कम किया जा सकता है। आप कैसे रहते हैं, क्या खाते हैं, क्या आपकी आदतें हैं, क्या आपकी बुरी आदतें है, उसपर भी निर्भर करता है। लाइफस्टाइल और आहार को पौष्टिक रखने के साथ शराब-धूम्रपान को छोड़कर योग, ध्यान एवं साधना के माध्यम से कैंसर के खतरे से बचाव किया जा सकता है। कैंसर विश्वभर में मृत्यु का दूसरा प्रमुख कारण है। शरीर के किसी हिस्से में असामान्य कोशिकाओं की वृद्धि और इसका अनियंत्रित रूप से विभाजन कैंसर का कारक होती है। आनुवांशिकता, पर्यावरणीय, लाइफस्टाइल में गड़बड़ी, रसायनों के अधिक संपर्क के कारण कैंसर होने का जोखिम बढ़ जाता है। महिलाओं में सर्वाइकल और ब्रेस्ट कैंसर और पुरुषों में फेफड़े-प्रोस्टेट और कोलन कैंसर का खतरा सबसे अधिक देखा जाता रहा है। कैंसर को नियंत्रित करने में भारतीय योग, आयुर्वेद एवं अध्यात्म की महत्वपूर्ण भूमिका है। क्योंकि अध्यात्म से व्यक्ति को आत्मविश्वास व मानसिक बल मिलता है। अध्यात्म के सहारे से जीवन की यात्रा को सुगम व सरल किया जा सकता है। इसे एक पारंपरिक उपचार प्रणाली के रूप में जाना जाता है।

# सत्य सनातन धर्म की जय हो....



– विवेक वैष्णव

**संगम नगरी प्रयागराज में 13 जनवरी से षुरू महाकुंभ के आयोजन ने एक बार फिर संपूर्ण विश्व का ध्यान आकर्शण किया हुआ है। महाकुंभ भारतीय संस्कृति, आध्यात्म और आस्था का प्रतीक होकर पौराणिक परम्पराओं और आध्यात्मिक विरासत का एक उत्सव है। 26 फरवरी तक चलने वाले महाकुंभ में जहां लाखों की संख्या में साधु संत परम्परा एवं संस्कृति को कायम रखने के लिए पहुंच रहे है वही बड़ी संख्या में विदेशी भी सनातन को जानने एवं समझने के लिए पहुंच रहे है। सनातन को समझना आसान नहीं है। ज्ञान की लंबी परंपरा में ऋषियों ने कई बातें कहीं हैं। कई लोग उनको समझ नहीं पाते ।**

"सत्य सनातन धर्म की जय हो" उक्त उच्चारण भारतीय संस्कृति में राम कथा, भागवत कथा, आरती हो या फिर अन्य कोई धार्मिक आयोजन, अंत में बड़े गर्व के साथ किया जाता है। शाश्वत या 'सदा बना रहने वाला', अर्थात जो सदा से है, जो सदा रहेगा, जिसका अंत नहीं है और जिसका कोई आरंभ नहीं है वही सनातन है। सनातन धर्म किसी एक दार्शनिक, मनीषा या ऋषि के विचारों की उपज नहीं है, न ही यह किसी ख़ास समय पैदा हुआ। यह तो अनादि काल से प्रवाहमान और विकासमान रहा। सनातन धर्म जिसे हिन्दू धर्म अथवा वैदिक धर्म के नाम से भी जाना जाता है। इसे दुनिया के सबसे प्राचीनतम धर्म के रूप में भी जाना जाता है। सबसे प्राचीनतम धर्म सनातन की चर्चा भारत के साथ दुनिया भर में गाहे-बगाहे होती रहती है। लेकिन इसको जानने के लिए वेद, उपनिषद, पुराण, ब्राह्मण, अरण्यक, शास्त्र, वेदांग की ओर मुड़ना होगा। सनातन धर्म उस समय से है जब कोई संगठित धर्म अस्तित्व में नहीं था। सत्य को ही सनातन का नाम दिया गया। सनातन ग्रंथों के अनुसार ब्रह्म महाआकाश है तो आत्मा घटाकाश। आत्मा का मोक्ष परायण हो जाना ही ब्रह्म में लीन हो जाना है इसीलिए कहते हैं कि ब्रह्म सत्य है जगत मिथ्या यही सनातन सत्य है। सनातन धर्म को मानने वालों को ही हिंदू कहा जाता है। धर्म ग्रंथों के अनुसार वैदिक या हिंदू धर्म को सनातन धर्म इसलिए कहा जाता है कि क्योंकि यही एक मात्र धर्म है जो ईश्वर, आत्मा और मोक्ष को तत्व और ध्यान से जानने का मार्ग बताता है। सनातन धर्म की पवित्रता और उससे प्राप्त होने वाली उपलब्धियां हमें हर कदम पर गौरवान्वित करती हैं। सनातन धर्म का विकास वेदों के समय से शुरू हुआ और उसके बाद धार्मिक शास्त्रों, ग्रंथों, और आध्यात्मिक गुरुओं के माध्यम से होता रहा। सनातन धर्म में वेद, उपनिषद, स्मृति, पुराण, और भगवद् गीता जैसे प्रमुख धार्मिक ग्रंथों का महत्वपूर्ण योगदान है। यह धर्म विविधता और तात्त्विकता के साथ जीवन के हर क्षेत्र में लोगों के जीवन को मार्गदर्शन करता है। सनातन धर्म का पालन एक कठिन तपस्या है जिसके मार्ग पर चलकर व्यक्ति केवल स्वयं के बारे में नही अपितु विश्व कल्याण के बारे में सोचता है और उसी हिसाब से आचरण करता है। सनातन धर्म न केवल मनुष्यों बल्कि प्रकृति की सभी अन्य वस्तुओं को जीवधारी ही मानता है और हर चीज़ के प्रति जीवधारियों के समान ही आचरण करने का पाठ पढ़ाता है। कहना गलत नही होगा कि जहां मिट्टी भी पूजी जाती है. जहां पत्थर और पर्वत की भी आराधना की जाती है. जहां ऋषि मुनियों ने हर युग में हर काल में उस समय का यथार्थ चित्रण अपनी वाणी से किया है. जहां पुनर्जन्म में विश्वास है. जहां शरीर के द्वारा किए गए कर्मों का फल आत्मा को भोगना पड़ता है. जहां कर्म ही प्रधान है. जहां दूसरों के सुख दु:ख में आत्मा को वही अनुभूति होती है. यही तो वैदिक धर्म है. शाश्वत है. यही तो सनातन धर्म है। आलौकिक, पारलौकिक मान्यताओं से मन को खुशी प्रदान करने वाला, जन्म मरण के

## शख्सियत – बढ़ता राजस्थान

**नमस्कार साथियों हमारे आज के शख्सियत कॉलम के स्टार हैं, अनिल कुमार**

अनिल कुमार हरसौली ग्राम पंचायत नसवारी तहसील गोविंदगढ़ अलवर का निवासी हैं। इनका जन्म 1 जुलाई 1997 को हरसोली गांव में रामसिंह जी के घर हुआ। प्रारंभिक शिक्षा हरसोली गांव के सरकारी प्राइमरी एवं माध्यमिक निजी अमर पब्लिक स्कूल में दसवीं तक की उसके बाद राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गोविंदगढ़ में कला संकाय से 11वीं 12वीं करने के बाद में राजकीय आईटीआई अलवर से सेक्रेटेरियल असिस्टेंट स्टेनोग्राफी इंग्लिश से पूर्ण की एवं उच्च शिक्षा के लिए राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोविंदगढ़ में कला संकाय से स्नातक करने के बाद वर्तमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा से मास्टर ऑफ सोशल वर्क में पोस्ट ग्रेजुएशन पूरा किया। स्कूली अध्ययन के साथ ही मुझे राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्काउट गाइड का विद्यार्थी होने का सौभाग्य एवं सुअवसर प्राप्त हुआ। स्कूल में अच्छा मार्गदर्शन इस समाज सेवा क्षेत्र में मिला।बेरोजगारी एवं मध्यवर्गीय परिवार की समस्याओं से जूझते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के साथ ही 1 अप्रैल 2021 से नेहरू युवा केंद्र युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार,भारत सरकार की राष्ट्रीय युवा कोर योजना के तहत राजस्थान राज्य/केंद्र शासित प्रदेश के अलवर जिले के गोविंदगढ़ ब्लॉक में इस योजना के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक के रूप में कार्य कर रहा हूं। मेरी माटी मेरा देश राष्ट्रीय प्रोग्राम में पंचायत समिति गोविंदगढ़ का नई दिल्ली इंडिया गेट पर प्रतिनिधित्व प्रतिनिधित्व किया, नेशनल यूथ फेस्टिवल नासिक महाराष्ट्र में 2024 में गोविंदगढ़ उपखंड से अलवर जिले का प्रतिनिधित्व किया। राष्ट्र निर्माण गतिविधियों में लगे हुए हैं। अनुशासित, समर्पित और मुझे सौंपे गए कार्य के प्रति प्रतिबद्ध रखते हैं। स्वच्छता अभियान,खेलकूद, कला और संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण, और सामुदायिक विकास,खेलकूद को बढ़ावा देना,कला और संस्कृति को बढ़ावा देना,पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करना,युवाओं को



अनिल कुमार
( सोशल एक्टिविस्ट )

सृजनकारी और संगठनात्मक व्यवहार अपनाने में मदद करना,युवाओं को अच्छी नागरिकता के मूल्यों को अपनाने में मदद करना,धर्मनिरपेक्ष सोच और व्यवहार को बढ़ावा देना,कौशल विकास करना,युवाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय महत्व के दिवसों के बारे में जागरूक करना। स्वैच्छिकता,स्वयं सहायता,और सामुदायिक भागीदारी के सिद्धांतों पर कार्य करते हैं। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्ज्वल भविष्य की कमाना करती है।

रूपक शर्मा

## 2025_034 a बढ़ता राजस्थान

### Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | | | 3 | 8 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 8 | 4 | | 9 | 2 | 3 | |
| 3 | 7 | 4 | | 8 | | 9 | 1 | 6 |
| | | | 3 | | | 4 | | |
| | 9 | 3 | | 2 | 1 | | 7 | |
| | | | 9 | | | 1 | 2 | 3 |
| 9 | | 5 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 8 |
| 8 | 4 | 6 | 1 | 5 | 7 | | 9 | 2 |
| 7 | 3 | | 6 | 9 | 8 | | 4 | 1 |

### Ans_2025_033

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 9 | 4 | 3 | 2 | 7 | 8 | 5 |
| 3 | 5 | 7 | 6 | 1 | 8 | 9 | 4 | 2 |
| 2 | 8 | 4 | 9 | 7 | 5 | 3 | 1 | 6 |
| 7 | 3 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 4 |
| 9 | 6 | 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 |
| 8 | 7 | 6 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 |
| 5 | 9 | 2 | 8 | 6 | 4 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 4 | 3 | 7 | 5 | 9 | 2 | 6 | 8 |

**कैसे खेलें**

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारस्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष

वाणी पर संयम रखना पड़ेगा। मन के आवेश पर अंकुश रखना पड़ेगा। दुर्घटना से संभलना होगा। कहीं आकस्मिक धन खर्च होगा। मित्रों, संबंधियों से की गई भेंट से आपका दिन आनंदपूर्वक गुजरेगा।

### वृष

समाज में मान-सम्मान मिलेगा। आज आप का मनोबल कमजोर रहेगा। किसी निर्णय पर जाना कठिन हो सकता है। नए काम की शुरुआत ना करें और महत्वपूर्ण निर्णय आज न लें। परिजनों के साथ वाद-विवाद हो सकता है।

### मिथुन

साथी कर्मचारियों का सहयोग मिलेगा। विरोधियों पर विजय मिलेगी। आज का दिन आपके लिए थोड़ी सावधानी रखने का है। शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। किसी भी नए काम की शुरुआत के लिए दिन अच्छा नहीं है।

### कर्क

घर में स्वजनों के साथ गलतफहमी हो सकती है। माता के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। घर की महिलाओं के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। सरकारी तथा संपत्ति से संबंधित महत्वपूर्ण पत्रों पर सही या मुहर लगाने में सावधानी रखें।

### सिंह

आज आप शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। मानसिक प्रसन्नता का अनुभव होगा। परिजन तथा निकट के लोगों के साथ अधिक समय गुजरेगा। सामाजिक जीवन में आप सफलता और यश प्राप्त कर पाएंगे।

### कन्या

अपने स्वभाव में जिद्दीपन छोड़ दें। नौकरीपेशा लोग चिंतित रह सकते हैं। शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। परिवार के सदस्यों के साथ आनंदपूर्वक समय बिताएंगे। स्वजनों से भेंट या उपहार मिल सकता है। सुखमय प्रसंग बनेगा।

### तुला

विदेश या कहीं दूर से अच्छे समाचार मिलने के योग हैं। दांपत्य जीवन में मधुरता छलकेगी। आकस्मिक धन लाभ होगा। आज आप का दिन बहुत अच्छा गुजरने वाला है। घर में शांति और आनंद का वातावरण रहेगा।

### वृश्चिक

आनंददायी प्रवास संभव होगा। दोस्तों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बनेगा। आज का दिन आपके लिए कठिनाई भरा हो सकता है। परिजनों के साथ बहस होगी। किसी से उग्र व्यवहार के कारण मन दुखी हो सकता है।

### धनु

किसी भी काम में सोच-समझकर आगे बढ़ें। भाई-बहनों के साथ प्यार भरा संबंध बना रहेगा। मित्रों, स्वजनों के साथ मुलाकात होगी। प्रत्येक काम में सफलता मिलने की संभावना है। आर्थिक लाभ की संभावना भी अधिक है।

### मकर

मानसिक अशांति और उद्वेग आपके मन पर छाया रहेगा। खिन्नता रहेगी। पेट दर्द, अजीर्ण से आप परेशान रहेंगे। आकस्मिक धन खर्च होगा। प्रिय दोस्त आपके दिल को चोट पहुंचा सकते हैं। आज यात्रा, प्रवास टाल दें।

### कुंभ

आप का आज का दिन आध्यात्मिक दृष्टि से आपको अनूठी अनुभूति कराने वाला रहेगा। आपको रहस्यमयी विद्या आपको आकर्षित करेगी। दूसरों के प्रति नफरत की भावना पर संयम रखें। नए काम की शुरुआत ना करें।

### मीन

आर्थिक लाभ की संभावना है। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। काम में यश की प्राप्ति होगी। मित्रों से मुलाकात होगी। रुके हुए काम आसानी से बन पाएंगे। क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी। व्यर्थ उग्रता को टालें, नहीं तो काम बिगड़ सकता है। आज का दिन शुभ फलदायी है।

# कृषि अधिकारी किसानों को जानकारी देकर कर रहे प्रेरित

## किसानों को अब यूनिक फॉर्मर आइडी मिलेगी, अभियान कल से



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** राजस्थान सरकार किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ सुगमता से उपलब्ध कराने के लिए फार्मर रजिस्ट्री अभियान शुरू कर रही है। यह अभियान चौथ का बरवाड़ा में 5 फरवरी से 30 मार्च तक चलेगा। इसके तहत ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य किसानों की डिजिटल पहचान (फार्मर आईडी) बनाना है, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में कोई परेशानी न हो। फार्मर रजिस्ट्री कृषि एवं संबंधित विभागों के लिए एक डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (एग्रीस्टैक) तैयार करेगी, जिससे पूरे देश में किसानों की विस्तृत और एकीकृत रजिस्ट्री बनेगी। राजस्थान सरकार ने 13 दिसंबर 2024 को सीकर जिले से इस योजना की शुरुआत की थी, जहां इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में सफलतापूर्वक लागू किया। अब इसे पूरे प्रदेश में लागू किया जा रहा है।

### कैसे करें पंजीकरण

प्रत्येक किसान को अपनी ग्राम पंचायत स्तर के फार्मर रजिस्ट्री शिविर में जाकर अपना पंजीकरण कराना होगा। इसके लिए आधार कार्ड, भू-अभिलेख और मोबाइल नंबर आवश्यक होगा। यह प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क है। इसमें किसी भी शुल्क की आवश्यकता नहीं होगी।

### किसानों को कर रहे हैं प्रेरित

सहायक कृषि अधिकारी विजय जैन ने बताया कि किसानों को भविष्य में पीएम किसान सम्मान निधि योजना और अन्य सरकारी लाभ लेने के लिए फार्मर आईडी अनिवार्य होगी।

किसानों को अधिक से अधिक फार्मर रजिस्ट्री करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

### फार्मर रजिस्ट्री से होंगे अनेक लाभ

इस अभियान के तहत किसानों को 11 अंकों की एक विशिष्ट फार्मर आईडी मिलेगी, जो उनके आधार से लिंक होगी। इस आईडी के माध्यम से उन्हें पीएम किसान सम्मान निधि, कृषि अनुदान, फसल बीमा, सिंचाई योजनाओं, कृषि ऋण एवं किसान क्रेडिट कार्ड, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल बेचने जैसी सुविधाएं स्वतः प्राप्त होंगी। आपदा राहत, कृषि योजनाओं के सत्यापन और सरकारी खरीद में भी यह रजिस्ट्री किसानों के लिए बेहद उपयोगी होगी।

# सूर्य नमस्कार की 12 मुद्राओ में एक साथ झुके विद्यार्थी व आम जन

## भगवान भास्कर को नमस्कार करना स्वास्थ्य व धार्मिक दृष्टि से उत्तम:राधा चौधरी

### मंच पर राधा चौधरी ने विद्यार्थियों के साथ किया सूर्य नमस्कार

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मालपुरा के खेल प्रागंण में सोमवार को सूर्य सप्तमी के पावन अवसर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार का कार्यक्रम प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के प्रतिनिधि राधा देवी चौधरी के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में उमड़े विद्यार्थियों व शहरवासियो को सम्बोधित करते हुए राधा चौधरी ने कहा कि सूर्य नमस्कार करना शारिरीक व्यायाम है। सूर्य नमस्कार के करने से जहां इंसान का शरी स्वस्थ एवं तदंरूस्त रहता है। साथ ही भास्कर भगवान को नमस्कार करने से महान पुण्य की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि सूर्य सप्तमी के पावन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर समूचे भारत देश में सामूहिक सूर्य नमस्कार का रिकार्ड स्थापित हो रहा है। क्योंकि यह कार्यक्रम देश के कोने कोने में आयोजित हो रहा है। राधा चौधरी ने कहा कि सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में देश के करोड़ो लोग एक साथ मिलकर सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार करने का एक रिकार्ड स्थापित कर रहे हैं जो सभी देशवासियो के लिए गर्व का विषय है। कार्यक्रम में मौजुद युवा विद्यार्थियों से आव्हान करते हुए राधा चौधरी ने कहा कि युवा देश का भविष्य होते हैं। इसलिए सभी युवा अपने अध्ययन के साथ साथ अपने शरीर को स्वस्थ तंदरूस्त रखने के लिए सूर्य नमस्कार जैसे नियमित व्यायाम पर ध्यान देवें। समारोह में अतिथि के रूप में आरएसएस के सांगानेर विभाग के विचार प्रमुख महेन्द्र विजय, भाजपा के वरिष्ठ नेता एडवोकेट राजकुमार जैन, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष त्रिलोकचन्द जैन , गोविन्द बाबूजी, रामजीलाल शर्मा, मधूसूदन पारीक, मनीष जैन, सीबीईओ बाबूलाल गुप्ता मौजुद रहे। समारोह के सभी अतिथियो का राउमावि प्रधानाचार्य अलका पारीक सहित शाला परिवार के सदस्यो द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। सूर्य नमस्कार के सामूहिक कार्यक्रम में शहर के सभी सरकारी व नीजि विद्यालयो के विद्यार्थियों के साथ साथ शहर के धार्मिक, सामाजिक एवं स्वयंसेवी सस्थाओ के सदस्यो सहित गणमान्य नागरिको ने भाग सूर्य नमस्कार की 12 विधाओ को सामूहिक रूप से किया। इस दौरान राधा चौधरी ने भी मंच से विद्यार्थियो के साथ सूर्य नमस्कार कर सभी को सूर्य नमस्कार करने के लिए प्रेरित किया।

# जिले में 3 लाख छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने किया सूर्य नमस्कार

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,( का.स. )।** सूर्य सप्तमी के अवसर पर जिला स्तरीय सूर्य नमस्कार का पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोठी नातमाम टोंक में आयोजन हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी मीना लसारिया ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला प्रमुख सरोज बंसल ने अन्य प्रतिभागियों के साथ योगाभ्यास किया। इस दौरान सीडीईओ सुशीला करनानी एवं शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि टोंक जिले के 2 हजार 594 राजकीय एवं निजी विद्यालयों में लगभग 3 लाख छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक योगा अभ्यास में शामिल हुए।

# शिवाड़ एवं बहरावंडा खुर्द में 132 केवी जीएसएस की स्वीकृति जारी

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** चौथकाबरवाड़ा क्षेत्र में विद्युत वितरण एवं प्रसारण तंत्र को मजबूत बनाने के लिए राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड की ओर से शिवाड़ तथा बहरावंडा खुर्द में 132/33 केवी के नए जीएसएस बनाने की स्वीकृति प्रदान की है। गौरतलब है कि पूर्व में जारी स्वीकृति निरस्त हो जाने के बाद क्षेत्रीय विधायक के प्रयासों से निगम ने फिर से स्वीकृति जारी की है।विद्युत विभाग के अनुसार जीएसएस निर्माण के बाद इससे जुड़े इलाकों में बिजली आपूर्ति व्यवस्था सुदृढ़ होगी। इससे क्षेत्र की जनता को निर्बाध रूप से बिना ट्रिपिंग के उच्च गुणवत्ता की बिजली आपूर्ति की जा सकेगी। शिवाड़ एवं बहरावंडा खुर्द में 132 केवी जीएसएस बनाए जाने को लेकर लोग लगातार मांग कर रहे थे। कम वोल्टेज, बार-बार बिजली आपूर्ति बाधित होने और लक्कुएशन जैसे दिक्कतों का सामना करने करना पड़ रहा था। ऐसे पर लोगों की मांग पर जीएसएस बनाने की स्वीकृति जारी की है। लोगों ने जीएसएस की स्वीकृति पर खुशी जाहिर की।

# पुलिस ने साइबर ठग किया गिरफ्तार, कार सहित लाखों की नकदी जब्त

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** साइबर ठगी के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन साइबर शील्ड अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के निर्देशन में रवांजना डूंगर थाना पुलिस ने एक साइबर ठग गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक मोबाइल, स्कॉर्पियो कार, एटीएम व 1 लाख 10 हजार 600 रुपए की नकदी जब्त की। उसके पास बैंको में करोडो रुपये का हिसाब मिला। गिरफ्तार आरोपी दीपक पुत्र हंसराज मीना निवासी करैला थाना मानटाउन सवाईमाधोपुर है। पुलिस के अनुसार निर्माणाधीन एक्सप्रेस हाईवे खिजूरी के पास टेलीग्राम एप के माध्यम से आनलाइन साइबर ठगी की सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने पीछा करके एक साइबर ठग को दबोचा। साइबर ठग से जब्त मोबाइल में टेलीग्राम पर चैनल बना कर ग्राहको से जरिये फोन / इंटरनेट के माध्यम से आनलाइन सम्पर्क में रहकर मोबाइल फोन एवं फर्जी दस्तावेजों के आधार पर क्रिकेट मैच में ऑनलाइन टिप्स एवं बेईमानीपूर्वक छल करते हुए फर्जी दस्तावेज से धोखाधड़ी करना पाया गया। पुलिस ने साइबर ठग के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किया।

# जिले में पर्यटन विकास के कार्यों में समन्वय बनाकर कार्य करें-रामरतन सौकरिया

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,( का.स. )।** टोंक जिले में पर्यटन विकास को गति देने के लिए सोमवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौकरिया की अध्यक्षता में जिला पर्यटन विकास समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में टोंक जिले के पर्यटन विकास को लेकर एडीएम के समक्ष बिंदुवार चर्चा की गई।

पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक मधुसूदन ने बताया कि बीसलपुर बांध को आकर्षक पर्यटन स्थल बनाने के लिए प्रोजेक्ट तैयार किया गया है। संत धन्ना भगत के पैनोरमा का संचालन आमजन के लिए किया जा रहा है। नगरफोर्ट एवं मांडकलां के विकास कार्य पूर्ण कराएं जा चुके है। अरबन फोरेस्ट एवं लवकुश वाटिका को विकसित करने के लिए टेंडर किया गया है। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने समिति से जुड़े सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में पर्यटन को लेकर मुख्यमंत्री बजट घोषणा एवं अन्य कार्यों को समन्वय बनाकर पूर्ण करें। कार्य में किसी प्रकार की बाधा आने पर उच्चाधिकारियों को समय पर जानकारी दी जाए, ताकि उसका समाधान किया जा सके।

# एग्रीस्टैक योजना से खुशहाल होंगे किसान, कृषि में होगी डिजिटल क्राति की शुरूआत

## जिला कलक्टर ने की शिविरों के आयोजन तैयारियों की समीक्षा

### 5 फरवरी से जिले में आयोजित होगा फार्मर रजिस्ट्री अभियान

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** राज्य सरकार प्रदेश के किसानों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए फार्मर रजिस्ट्री (एग्रीस्टैक) अभियान 5 फरवरी से शुरू कर रही है। 5 फरवरी से आयोजित होने वाले फार्मर रजिस्ट्री (एग्रीस्टैक) शिविरों की तैयारियों की समीक्षा बैठक वीसी के माध्यम से सोमवार को जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में कलक्टर कक्ष में आयोजित हुई। इस दौरान उन्होंने सभी उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, विकास अधिकारी और किसान रजिस्ट्री शिविरों से संबंधित विभागों के ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को शिविरों के सफल आयोजन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी शिविर प्रभारी कृषक मित्रों, पटवारी, ग्राम विकास अधिकारी व कृषि पर्यवेक्षकों के माध्यम से फार्मर रजिस्ट्री (एग्रीस्टैक) शिविरों का प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक किसानों पर पहुंचकर शत-प्रतिशत फार्मर आईडी बनाना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने उपखण्ड स्तरीय नोडल अधिकारियों को शिविरों की सघन मॉनिटरिंग करने एवं प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट कलेक्ट्रेट कार्यालय भिजवाने के निर्देश प्रदान किए है। जिला कलक्टर ने कहा कि एग्रीस्टैक योजना किसानों को डिजिटल पहचान देने और सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की दिशा में कारगार साबित होगी। उन्होंने कहा कि एग्रीस्टैक योजनांतर्गत जिला में फार्मर रजिस्ट्री अभियान का आयोजन ग्राम स्तर पर 5 फरवरी से किया जायेगा। इसके तहत ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित शिविरों में किसानों की विशिष्ट फार्मर आईडी बनाई जाएगी। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर रामकिशोर मीना, उपखण्ड अधिकारी सवाई माधोपुर अनूप सिंह, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, सीएमएचओं डॉ. अनिल कुमार जैमिनी, संयुक्त निदेशक पशुपालन डॉ. राजीव गर्ग, संयुक्त निदेशक सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग पंकज मीणा, संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं वीसी के माध्यम से उपखण्ड व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्कूलों में सूर्य सप्तमी पर सूर्य नमस्कार का हुआ आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निवाई में सूर्य सप्तमी के अवसर पर प्रातः 9 बजे सूर्य नमस्कार का भव्य आयोजन किया गया, प्राचार्य देवेंद्र पाल सिंह ने बताया की राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद ओर माध्यमिक शिक्षा निदेशालय बीकानेर के आदेश की पालना में पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निवाई के लगभग 1147 विद्यार्थियों और उपस्तिथि 42 शाला कार्मिक,9 एसडीएमसी सदस्य और 26 अविभावकों एवं जनप्रतिनिधियों ने उक्त सूर्यासन में भाग लिया, इस अवसर पर निवाई मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मंजू मीणा भी उपस्थित रही और सूर्यासन में भाग लिया,शारीरिक शिक्षक रामकिशन गुर्जर,प्रभारी हजारी लाल बैरवा सह प्रभारी मनोज जैन ने कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित सभी को सूर्यासन के सभी सोपान क्रम से मंत्रोच्चार के साथ कराए, कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए सीबीईओ मंजू मीणा और प्राचार्य देवेंद्र पाल सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया,राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# नए प्रान्तपाल ने किए श्रीजी के दर्शन

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** रोटरी इन्टरनेशनल जिला 3050 के नए प्रान्तपाल एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे मोहनलाल सुखाड़िया के पौत्र दीपक सुखड़िया ने डिग्गी स्थित कल्याण जी महाराज के दर्शन किए। सोमवार को रोटरी इन्टरनेशनल जिला 3050 के नए प्रान्तपाल एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे मोहनलाल सुखाड़िया के पौत्र दीपक सुखड़िया जयपुर से उदयपुर जाते समय बीच रास्ते में डिग्गी पहुंचे। यहां पहले से मौजूद रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन के अध्यक्ष अमित विजय, पवन जैन संगम, राकेश जैन, अरूण काबरा, भागचन्द जैन, सुमेर बड़जात्या, सहित अन्य सदस्यो ने नए प्रान्तपाल सुखाड़िया की अगवानी की। साथ ही सुखाड़िया डिग्गी स्थित श्री कल्याण जी महाराज के मन्दिर पहुंच कर श्रीजी के दर्शन कर पीड़ित एवं जरूरतमंद मानव की सेवा करते रहने का आर्शिवाद प्रदान करने की कामना की।

इस दौरान सुखाड़िया का सेवारत पुजारी ने पूजा अर्चना करवा कर स्वागत सम्मान किया।

# बसंत पंचमी समारोहपूर्वक मनाई

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** सरस्वती विद्या आश्रम समिति के तत्वावधान में बसंत पंचमी महोत्सव हर्ष उल्लास से मनाई ! कार्यक्रम का प्रारंभ प्रबंधक श्रीमती मंजू शर्मा एवं सह प्रबंधक श्रीमती हेमलता शर्मा ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रजव्वलित कर माल्यार्पण किया । प्रबंधक व सह प्रबंधक को कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती चंचल शर्मा ने माला पहनाकर स्वागत किया एवं मंच संचालन डी.एड.स्पेशल आई.डी. की छात्रा तनु शर्मा ने किया। सर्वप्रथम व्याख्याता राहुल नागर ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की ।

# मकसूदनपुरा-चौहानपुरा देवनारायण मंदिर में समाज की बैठक में किया निर्णय

## भगवान देवनारायण जन्मोत्सव आज, होंगे लोकगीत सहित कई कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** मलारना डूंगर में देवनारायण भगवान का जन्मोत्सव 4 फरवरी को हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इसे लेकर रविवार को मकसूदनपुरा- चौहानपुरा देवनारायण मंदिर पर समिति सदस्यों तथा क्षेत्रीय गुर्जर समाज के पंचों की बैठक हुई। जन्मोत्सव कार्यक्रम में प्रसादी वितरण सहित लोकगीत तथा बगड़ावत गोठ बखान के आयोजन का भी निर्णय किया गया। मंदिर समिति सचिव राजाराम गुर्जर ने बताया कि जन्मोत्सव कार्यक्रम में कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की पुत्री सुनीता बैंसला मुख्य अतिथि होंगी। इसके अलावा सौया गुर्जर महापौर जयपुर, पूर्व विधायक गंगापुरसिटी मानसिंह गुर्जर, देवली-उनियारा विधायक राजेन्द्र गुर्जर, कांग्रेस जिलाध्यक्ष एडवोकेट गिर्राज सिंह गुर्जर, गुर्जर समाज अध्यक्ष हरगोविंद कटारिया, एडवोकेट रंगलाल गुर्जर, राजाराम गुर्जर आदि समाज के प्रतिनिधि भी शिरकत करेंगे। मंदिर पर ध्वजा पताका चढ़ाएंगे समाज के पंच जन्मोत्सव पर मंगलवार को समाज के पंच भगवान देवनारायण के मंदिर में ध्वज पताका चढ़ाएंगे। आरती कर खुशहाली की कामना करेंगे। इस दौरान लाली देवी गोठड़ा, रामेश्वरी सैनी नो गांव तथा लोटंती गुर्जर चौहानपुरा लोकगीतों की प्रस्तुति देंगी। रात्रि जागरण में भंदौरा, कोथाली, बिलोली नदी तथा चौहानपुरा की गायन पार्टियां बगड़ावत गोठ बखान की प्रस्तुति देंगी। इस दौरान सामूहिक प्रसादी वितरण भी किया जाएगा!

### तीन दिवसीय मेला शुरू

मित्रपुरा प्रसिद्ध देव धाम घाटा नैनवाड़ी में सोमवार से तीन दिवसीय मेला शुरू हुआ। कोषाध्यक्ष हनुमान सिराधना ने बताया कि भगवान देवनारायण के 1113वें अवतरण दिवस पर मेला लगेगा। सुबह 10 बजे मित्रपुरा से मंदिर तक महामंडलेश्वर बालकानंद गिरी के पहली बार मंदिर आने पर स्वागत किया गया। मंदिर पहुंचने पर कलश यात्रा एवं ध्वज पूजन कार्यक्रम के साथ तीन दिवसीय मेले का शुभांरभ हुआ। इसके बाद भंडारे का आयोजन हुआ। चार फरवरी को प्रतिभा समान समारोह आयोजित होगा।

# बरनावदा में खेत की भूमि विवाद में भिड़े दो पक्ष, एक गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** खण्डार थाना क्षेत्र के बरनावदा गांव में विगत दिनों खेत की सफाई कर रहे खण्डार के पूर्व भाजपा मण्डल अध्यक्ष गंगाशंकर शर्मा के साथ गांव के कुछ लोगों ने मारपीट की। अध्यक्ष ने आरोपियों पर उसके गले से चांदी की चेन तोड़कर व जेब में रखी दस हजार की नकदी ले जाने का आरोप भी लगाया है। थानाधिकारी लक्ष्मण सिंह के अनुसार शर्मा ने दर्ज प्राथमिकी में बताया कि वह सुबह खेत पर जेसीबी आदि से सफाई कार्य करा रहा था। इस दौरान मौके पर एकराय होकर पहुंचे आरोपी रामहेत पुत्र लक्खा, धनपाल, बाबूलाल पुत्र रामहेत, रामनरेश व मनीष पुत्र धनपाल गुर्जर निवासी बरनावदा ने लाठियों से हमला कर दिया। इस दौरान आरोपी नकदी व जेवरात चोरी कर ले गए। इस पर पुलिस ने धनपाल गुर्जर को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर रविवार को न्यायालय में पेश किया, जहां उसकी जमानत हो गई। वहीं दूसरे पक्ष की पीड़िता द्रोपदी पत्नी बाबूलाल निवासी बरनावदा ने पुलिस को सौंपी शिकायत में बताया कि गांव में तीन बीघा भूमि से उसके हिस्से में एक बीघा भूमि है। उसमें उसने सरसों की फसल कर काश्त कर रखी है। वह शुक्रवार सुबह करीब नौ बजे खातेदारी भूमि में खड़ी फसल की रखवाली कर रही थी। आरोपी गंगाशकर पुत्र गजानंद शर्मा निवासी बरनावदा एकराय होकर जेसीबी मशीन व लोडर लेकर आया।

इस दौरान जमीन से खड़े पेड़ व पत्थरों को हटाने लगा। इसका विरोध करने पर अभद्रता कर, छीनाझपटी कर मारपीट करने लगा। धमकी दी कि उसकी जमीन है, वह यहां नींव खोदकर दीवार बनाएंगे। इस दौरान बीच-बचाव करने आई सास कपूरी के साथ भी आरोपियों ने मारपीट कर अभद्रता की। बाद में कुल्हाड़ी, गण्डासी से हमला करने को आमदा हो गए। मौके पर मौजूद रामनरेश व तेजराम ने बीच बचाव कराया।

पीड़ित पक्ष ने एसपी से मामले की निष्पक्ष जांच कर प्राथमिकी दर्ज कर जांच करने की मांग की।

### एक दशक से अधिक से चल रहा विवाद

पुलिस ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच करीब एक दशक पूर्व से जमीनी विवाद यानी खेतों के सीमाज्ञान का विवाद चल रहा है। इस संबंध में दोनों पक्षों की ओर से एक दूसरे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

### इनका कहना है

इस संबंध में एक पक्ष की ओर से मारपीट कर नकदी व चेन छीनने की प्राथमिकी दर्ज की है। दूसरे पक्ष की प्राथमिकी दर्ज नहीं की है। उसके परिवाद को जांच में रखा है। जांच के बाद प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जाएगी।

**कप्तान सिंह, एएसआई थाना खण्डार।**

# जयपुर जिले के पंच गौरव के प्रोत्साहन एवं संवर्धन के लिए प्रभावी कार्ययोजना हो तैयार

- जिला कलक्टर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिये निर्देश
- जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई समीक्षा बैठक

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** जिला स्तर पर चिन्हित पंच गौरव एक जिला एक उत्पाद- रत्नाभूषण, एक जिला एक वनस्पति प्रजाति- लिसोडा, एक जिला एक पर्यटन स्थल- आमेर दुर्ग, एक जिला एक खेल- कबड्डी तथा एक जिला एक उपज- आंवला के संवर्धन एवं विकास हेतु कार्ययोजना तैयार करने के संबंध में सोमवार को जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को पंच गौरव के संवर्धन के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये। पंच गौरव जयपुर के संवर्धन के लिए आगामी एक वर्ष के लिए कार्ययोजना तैयार की जाए, जिसमें सेमिनार, वेबिनार प्रशिक्षण आदि सम्मलित है, ताकि अधिक से अधिक आमजन लाभान्वित हो सकें। अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) श्रीमती विनीता सिंह ने बताया कि जयपुर विश्व की प्रसिद्ध रत्न राजधानी है। यह उत्पाद पीढ़ियों से तराशी गई बेजोड़ शिल्प कौशल के लिए प्रसिद्ध है। कुंदन-मीना और थेवा आभूषणों की समृद्ध विरासत का यह केंद्र है। इस कला को बढावा देने व इस कला से जुड़े शिल्पकारों एवं युवाओं के लिए इस क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु प्रशिक्षण, सेमिनार एवं वेबिनार करने हेतु कार्य योजना तैयार की जाये। इस संबंध में सूरत मुबंई सहित अन्तराष्ट्रीय स्तर पर कार्य करने वाली ऐजेन्सियों के प्रतिनिधियों से चर्चा कर इसका विकास व संवर्धन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि वनस्पति प्रजाति लिसोड़ा का साग और अचार भी बनाया जाता है। उन्होंने बताया कि पर्यटन स्थल जयपुर का गौरव आमेर दुर्ग अपनी भव्य वास्तुकला और ऐतिहासिक महत्व से लाखों पर्यटकों को अपनी और आकर्षित करता है। आमेर दुर्ग के बारे में सभी होटलों एवं पर्यटन से जुड़े गाइडस एवं ट्रेवल ऐजेन्सियों के प्रतिनिधियों के माध्यम से अधिक से अधिक पर्यटकों को आमेर देखने हेतु प्रेरित किया जाए। इसके विडियों व फोटोज पर्यटन से जुड़ी साईट्स व सोशल मीडिया पर अपलोड किया जाए। उन्होंने बताया कि जयपुर में जिले में संस्कृति, परंपराओं और विरासत के साथ-साथ खेलों का भी महत्वपूर्ण स्थान है। जयपुर जिले ने पारंपरिक खेल कबड्डी में अपनी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान बनाई है। इस पारंपरिक खेल को बढावा देने के लिए ग्राम पंचायत ब्लॉक व जिला स्तर पर जयपुर कबड्डी प्रीमियर लीग का आयोजन किया जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से सभी शारीरिक शिक्षकों के साथ बैठक आयोजित कर विद्यालयों में पढने वाले बच्चों को इस पारंपरिक खेल को खेलने हेतु प्रेरित किया जाए एवं इस खेल को खेलने हेतु सभी विद्यालयों में महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत कब्बड़ी के खेल मैदान तैयार करवाये गये। अधिक से अधिक अन्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय स्तर के खिलाडियों से सम्पर्क स्थापित कर इस खेल को बढावा देने हेतु एक वर्ष के लिए कार्ययोजना तैयार की जाए। बैठक में जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती प्रतिभा वर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) श्रीमती विनीता सिंह सहित पर्यटन विभाग, खेल विभाग, कृषि विभाग, उद्योग विभाग, उद्यानिकी विभाग एवं वन विभाग सहित अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



## माली समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में तीस जोड़े बंधे परिणय-सूत्र में : रोशन सैनी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** लाल जोड़े में सजी धजी युवतियां और सेहरा सजाए युवक साथ ही विशाल पांडाल और उसमें गूंजते विवाह के मंत्र। मौका था आयोजित जयपुर जिला माली की (सैनी) समाज का 31वां सामूहिक विवाह सम्मेलन का। जयपुर जिला माली (सैनी) समाज संस्था (रजिं) का 31वां सामूहिक विवाह सम्मेलन में तीस जोड़े बंधे परिणय-सूत्र में बंधे। इस सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन महात्मा ज्योतिबा फुले बहु उपयोगी भवन सायपुरा सांगानेर जयपुर में हुआ।

जयपुर जिला माली सैनी समाज संस्था के अध्यक्ष रोशन सैनी ने बताया कि बसंत पंचमी के अबूझ सावे पर जयपुर जिला माली सैनी समाज संस्था की ओर से आयोजित 31वें सामुहिक विवाह सम्मेलनं में तीस जोड़े परिणय सूत्र में बंधे है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बांदीकुई विधायक भागचंद सैनी टाकड़ा व विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रवक्ता अशोक जी सैनी भादरा रहे। अध्यक्ष रोशन सैनी ने बताया संपूर्ण भोजन व्यवस्था माली सैनी समाज सांगानेर की ओर से की गई। इसके अलावा आचार्य विद्वानों द्वारा विधि-विधान से फेरों की रस्म पूरी की गई। संस्था की ओर से भामाशाहों व समाज बंधुओ का सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया। जयपुर जिला माली (सैनी) समाज संस्था के मुख्य संरक्षक ओम राजोरिया ने इस दौरान कहा है कि संस्था की ओर से किए जा रहे सामुहिक विवाह में पढ़े लिखे युवक युवतियों ने भी उत्साह दिखाया है। जिससे फिजुलखर्ची पर लगाम लगाई जा सके। सामूहिक विवाह सम्मेलन जैसे आयोजनों से समाज में एकता और भाईचारा बढ़ता है। इसके साथ ही फिजूलखर्ची पर भी अंकुश लगता है। इसके साथ ही समाज को साथ लेकर चलना ही समाज के प्रतिनिधियों का पहला दायित्व होना चाहिए।

उन्होंने बताया कि सामूहिक बारात प्रात: 9 बजे सजकर विवाह स्थल पहुंची। इसके बाद थाम पूजन सुबह 11 बजे, बारात स्वागत सुबह 12 बजे, प्रीतिभोज 1.30 बजे सिंहाला एवं तोरण सुबह 1 बजे, वरमाला 1 बजे, पाणिग्रहण संस्कार (फेरे)मध्याह्न 1.30 बजे हुए । इसके पश्चात संस्थान की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नेताओं ,जनप्रतिनिधियों ,कार्यकर्ताओं समेत भामाशाहों का सम्मान किया गया । आशीर्वाद समारोह दोपहर 3 बजे आयोजित हुआ और वहीं शाम 4 बजे विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## 5 फरवरी को होगा रोजगार सहायता शिविर का आयोजन

### कानोडिया पी.जी. महिला महाविद्यालय में होगा आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय जयपुर एवं कानोडिया पी.जी. महिला महाविद्यालय जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार 5 फरवरी 2025 को एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन होगा। कौशल, रोजगार एवं उद्यमिता विभाग की उप निदेशक श्रीमती नवरेखा ने बताया कि जयपुर के जेएलएन मार्ग स्थित कानोडिया पी.जी. महिला महाविद्यालय जयपुर, गांधी सर्किल परिसर में बुधवार को प्रात: 10 बजे से एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रोजगार शिविर में रोजगार / स्वरोजगार / प्रशिक्षण / कैरियर मार्गदर्शन से सम्बन्धित निजी क्षेत्र के संस्थान भाग लेकर आशार्थियों का प्रारम्भिक चयन कर लाभान्वित करेंगे। रोजगार सहायता शिविर में बडी संख्या में बेरोजगार आशार्थियों के भाग लेने की संभावना है। निजी क्षेत्र के संस्थानों द्वारा चयनित आशार्थियों को मौके पर ही ऑफर लेटर देकर अन्तिम चयन किया जायेगा।

## प्रेम जाल में फंसा कर युवती ने किया युवक को ब्लैकमेंल

### ऐंठे 15 लाख रुपए, समझौता करने के बहाने बुलाकर की मारपीट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** मालवीय नगर थाना इलाके में एक शातिर युवती ने युवक को अपने प्रेमजाल में फंसाकर उसे झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया और उससे अलग-अलग किस्तों में 15 लाख रुपए ऐंठ लिए। युवती का दिल इस पर भी नहीं भरा तो उसने पीड़ित को समझौता करने के बहाने से बुलाया और अपने कुछ साथियों की मदद से बिजली के तारों से उसकी जमकर पिटाई की। आरोपियों के चुगंल से मुक्त होने के बाद पीड़ित थाने पहुंचा और युवती समेंत दो अन्य बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। जांच अधिकारी एएसआई गंगासहाय ने बताया कि तुंगा निवासी 34 वर्षीय युवक का आरोप है कि उसकी शॉप पर करीब एक साल आरोपी युवती काम करती थी। इसी दौरान दोनो में बातचीत होती थी। युवती ने उसका वीड़ियों बना कर उसे ब्लैकमेल किया और किस्तों में अलग-अलग बार में 15 लाख रुपए हड़प लिए। जिसके बाद भी युवती से झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी देने लगी। 15 जनवरी को युवती ने वॉट्सएप कॉल कर समझौता करने के बहान से जगतपुरा पुलिस के पास बुलाया। पीड़ित वहां पहुंचा तो कार में बैठी युवती व दो अन्य युवक उसे सांगानेर नाले की तरफ ले गए और दोनो युवकों ने बिजली के तारों से उसे जमकर पीटा। जिसके बाद तीनों आरोपी पीड़ित को धमकी देते हुए वहां से चले गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर तीनों बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

## बुजुर्ग की हार्ट अटैक से मौत, बेटे लगाया रिश्तेदारों पर धमकाने का आरोप

### संपत्ति को लेकर रिश्तेदारों से चल रहा था विवाद

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** रामगंज थाना इलाके में हार्ट अटैक से एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। जिसके बाद मृतक के बेटे ने अपने ही रिश्तेदारों पर प्रोपर्टी विवाद को लेकर बुजुर्ग व्यक्ति को धमकाने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर रिश्तेदारों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। जांच अधिकारी एसआई संदीप ने बताया कि अग्रवाल धर्मशाला के सामने रहने वाले मृतक मोहम्मद आफाक (60) कई सालों से प्रॉपर्टी के बंटवारे को लेकर अपने रिश्तेदारों से विवाद चल रहा था। उसके रिश्तेदार रामगंज थाने में मोहम्मद आफाक के खिलाफ शिकायत लेकर आए थे।रिश्तेदारों का आरोप है कि प्रॉपर्टी विवाद के बाद भी आफाक ने अपना पासपोर्ट विवादित प्रॉपर्टी के पते पर बनवाया है। शिकायत मिलने के बाद मोहम्मद आफाक को थाने बुलाकर पूछताछ की गई थी। जिसमें मोहम्मद आफाक ने बताया कि उसके बेटे ने पासपोर्ट बनाया था। जिसके बाद उसके बेटे को थाने भेजने के लिए कहा। थाने से बहार आने के बाद ही मोहम्मद आफाक अचेत होकर जमीन पर गिर गया। दूसरे पक्ष के लोगों ने मोहम्मद आफाक को तुरंत एम्बुलेंस की मदद से सवाई मानसिंह अस्पताल भिजवाया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के बेटे शुजाअत राजा ने अपने रिश्तेदार सगीर अहमद,अफजल व नरेंद्र के खिलाफ धमकी देकर आए दिन परेशान करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

## जेडीए की बड़ी कार्रवाई : 30 बीघा भूमि पर दो अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर विकास प्राधिकरण जोन-11 निजी खातेदारी की करीब 25 बीघा कृषि भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी को प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णत: ध्वस्त किया गया। जोन-02 में निजी खातेदारी की करीब 05 बीघा कृषि भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी को प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णत: ध्वस्त किया गया।

महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया जोन-11 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम उती, बगरू, जिला जयपुर में करीब 25 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''जगन्नाथ सिटी'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल, सीमेन्ट के ब्लॉक की सडकें, प्लॉटों की बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-11 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। जेडीए द्वारा जोन-02 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम नयागांव, सीस्यावास, जिला जयपुर में करीब 05 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-02 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-प्रथम, द्वितीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-11, 02 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

प्रवर्तन प्रकोष्ठ जविप्रा द्वारा वर्ष 2024 में 383 व वर्ष 2025 में 43 आज तक कुल 426 नवीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयासों को विफल किया गया।

## सरपंचों का महाकुंभ मंगलवार को: सभी तैयारियां पूर्ण



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजधानी जयपुर में मंगलवार को राजस्थान भर के सरपंचों का भारी जमावड़ा रहेगा। सोमवार को सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है राजस्थान सरपंच संघ के प्रदेश अध्यक्ष गढ़वाल, मुख्य संरक्षक कृष्ण मुरारी दिलावर व मुख्य प्रवक्ता रफीक पठान ने संयुक्त बयानी जारी करते हुए कहा कि राजस्थान सरपंच संघ के बैनर तले जयपुर पंचायतीराज सशक्तिकरण एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया जा रहा है। जिसमें राजस्थान के निवर्तमान सरपंच और नवनियुक्त प्रशासक सहित बड़ी संख्या पंचायत राज के जनप्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। इस कार्यक्रम में लगभग 20 से 25 हजार जनप्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। सोमवार को केकड़ी विधायक शत्रुघ्न गौतम, राजस्थान सरपंच के प्रदेश अध्यक्ष गढ़वाल, शक्ति सिंह रावत कार्यकारी अध्यक्ष अर्जुन सिंह गौड़, नेमीचंद मीना,रोशन अली, नवीन, सिल्लू ,मुख्य प्रवक्ता रफीक पठान, प्रवक्ता रामप्रसाद चौधरी, वरिष्ठ उपाध्याय गजेंद्र सिंह, संयोजक महेंद्र सिंह, मजेवाला संरक्षक भंवरलाल, जानू टोंक जिला अध्यक्ष मुकेश मीणा, जयपुर जिला अध्यक्ष मेहर सिंह धनखड, अजमेर जिला अध्यक्ष हरिराम बाना, कोटा जिला अध्यक्ष मोइनुद्दीन, गुड्डू ,सचिव रामनिवास मीणा, करौली जिला अध्यक्ष प्रकाश मीणा, कमलेश पाटीदार, झालावाड़ सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभा स्थल का पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने भी अवलोकन किया और सफाई व्यवस्था तथा सुरक्षा व सुव्यवस्थित पार्किंग के दिशा निर्देश दिए।

## अपनी मांगो को लेकर पानी की टंकी पर चढ़े छह संविदा कर्मी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** बजाज नगर थाना इलाके में नौकरी से संबंधित अपनी मांग को लेकर पानी की टंकी पर सोमवार दोपहर छह संविदा कर्मी चढ़ गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और डेढ़ घंटे की कडी मशक्कत करते हुए संविदा कर्मियों से समझाइश कर सभी को सुरक्षित नीचे उतरवा गया। थानाधिकारी ममता मीना ने बताया कि गांधी नगर रेलवे स्टेशन के पास स्थित पानी की टंकी पर सोमवार शाम तीन बजे मौका पाकर चार युवतियों सहित छह संविदा कर्मी चढ़ गए और अपनी मांगों को लेकर हंगामा किया। पानी की टंकी पर संविदाकर्मियों के चढ़ने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने संविदा कर्मियों को समझाइश कर नीचे उतारने के प्रयास किए। संविदा कर्मियों की मांग थी कि कोरोना समय में उनकी सेवाएं ली गई थी। पिछले वेतन के साथ ही उन्होंने समायोजन व एक्सटेंशन की मांग रखी। पुलिस ने उनकी मांगों को संबंधित अफसरों तक पहुंचने का आश्वासन दिया। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद टंकी पर चढ़े छहों संविदाकर्मियों को सुरक्षित नीचे उतरवा लिया गया।

### पुलिस थाना जामडोली का शुभारंभ

## पुलिस कमिश्नर ने वरिष्ठ कांस्टेबल के हाथों से फीता कटवा कर थाने का किया शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राज्य सरकार की बजट घोषणा 2024 की अनुपालना में जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने सोमवार को जामडोली थाने में नवनियुक्त वरिष्ठ कांस्टेबल शिवपाल के हाथों से फीता कटवा कर जामडोली थाना (पूर्व) का किया शुभारंभ। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि स्थानीय लोगों को त्वरित सहायता एवं उनकी समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर सम्भव हो। इस दिशा में राज्य सरकार ने जामडोली थाने की स्थापना की। उन्होंने बताया कि पहले यहाँ के लोगों को कानोता थाने में जाना पड़ता था। जयपुर पुलिस कमिश्नर जोसफ ने कहा कि स्थानीय लोगों समस्याएं के संबंध में कानोंता थाना जाना पड़ता था। समस्याओं का समाधान समय पर उनका लीगल तरीके से निस्तारण करने का पूरा प्रयासरत रहेगा। जो थानाधिकारी व स्टाफ इस थाने के लिए तैनात किया गया है । उनका यही प्रयास रहेगा है। क्योंकि इसका नोटिफिकेशन पिछले हफ्ते हुआ था। राज्य सरकार द्वारा इस बिल्डिंग को स्थाई रूप से थाने के रूप में उपयोग करने के लिए हमें अनापत्ति प्रमाण पत्र शनिवार को प्रदान किया था। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था डॉ रामेश्वर सिंह ने बताया कि अभी वर्तमान में सबसे ज्यादा डिमांड बेहतर शिक्षा की व्यवस्था के साथ एक अच्छा पुलिस थाना हो। उन्होंने बताया कि पुलिस थाने में काम करने वाले पुलिसकर्मी ईमानदारी वह मेहनत से जनता की सेवा में लगे रहें। उन्होंने बताया कि जयपुर कमिश्नरेट की टीम का मुख्य उद्देश्य है कि गरीब आदमी या किसी भी व्यक्ति की समस्या का तत्काल समाधान हो। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त प्रशासन एवं यातायात योगेश दाधीच ने बताया कि अच्छा थाना चलाने के लिए पुलिस व पब्लिक मिलकर सहयोग करने की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने दोनों खुद मौजूद जयपुर पुलिस कमिश्नर की पहल कि वरिष्ठ कांस्टेबल से फीता कटवाकर एक नई परंपरा शुरू की गई है का स्वागत किया। कार्यक्रम में पुलिस उपायुक्त पूर्व में तेजस्विनी गौतम सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं पुलिसकर्मी मौजूद रहे ।

## परिवहन निरीक्षक से मारपीट करने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** विश्वकर्मा थाना इलाके में स्थित जयपुर-दिल्ली हाईवे पर गत दिनों दो दिन पहले परिवहन निरीक्षक (आरटीओ) से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने वीड़ियों के आधार पर तीन बदमाशों की पहचान कर उन्हे गिरफ्तार किया है। पुलिस तीनों बदमाशों से पूछताछ करने में जुटी है। बताया जा रहा है कि तीनों बदमाशों ने परिवहन विभाग में डर पैदा करने के कारण परिवहन निरीक्षक से मारपीट की थी।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि परिवहन निरीक्षक से मारपीट करने के आरोप दौलतपुरा जयपुर निवासी राकेश कुमार शर्मा (32) , रायसर जिला जयपुर निवासी गोवर्धन लाल जाट (44) और चंदवाजी जिला जयपुर निवासी अजय कुमार मीणा (41) को गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि एक फरवरी को सुबह एक ट्रक हादसे के बाद तीनों आरोपियों ने जयपुर-दिल्ली हाईवे पर विश्वकर्मा थाना इलाके में परिवहन निरीक्षक बिजेंद्र कुमार से मारपीट की थी। तीनों आरोपियों ने परिवहन निरीक्षक पर आरोप लगाया था कि उसकी लापरवाही के चलते ये हादसा हुआ है । जिसके बाद तीनों ने परिवहन निरीक्षक बिजेंद्र के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरु कर दी थी। बीच-बचाव करने आए परिवहन स्टाफ के साथ भी तीनों बदमाशों ने हाथापाई की थी।

# श्रद्धा व भक्ति के साथ धूमधाम से मनाया केकड़ी में श्रीखाटूश्याम मंदिर का प्रथम पाटोत्सव

## उमड़ा भक्तों का सैलाब, निकाली विशाल कलश व निशान यात्रा

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** श्रीश्याम प्रेमी सेवा समिति व पोकी नाड़ी विकास समिति के तत्वावधान में केकड़ी के सुप्रसिद्ध खाटूश्याम मंदिर का प्रथम पाटोत्सव धूमधाम से मनाया गया। उत्सव के पहले दिन रविवार को दोपहर लक्ष्मीनारायण भगवान, खाटूश्याम बाबा व बालाजी महाराज की महाआरती की गई। इस मौके पर मंदिर में बाबा श्याम की प्रतिमा का आकर्षक श्रृंगार किया गया तथा भक्तों को ज्योत के दर्शन कराए गए। पाटोत्सव के अंतर्गत बाबा श्याम मंदिर में मंगला दर्शन के साथ ही भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। पूरे दिन लोग दर्शन के लिए कतार में नजर आए। इस अवसर पर एक ही क्रम में बने बालाजी मंदिर, खाटूश्याम मंदिर व लक्ष्मीनारायण मंदिर को आकर्षक रोशनी से सजाया गया।

**सजाई गई आकर्षक झांकियां व रंगोलियां :** शोभायात्रा में 11 घोड़ियों पर यजमान सवार थे। शोभायात्रा का शहर में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान ड्रोन से भी फूल बरसाए गए। कई स्थानों पर लोगों ने श्रद्धालुओं को अल्पाहार कराया। शोभायात्रा में एक रथ पर खाटूश्याम की आकर्षक झांकी सजाई गई। शोभायात्रा के मार्ग पर कलाकारों द्वारा शानदार रंगोलियां बनाई गई। शोभायात्रा पुरानी केकड़ी स्थित चारभुजा मंदिर से प्रारम्भ हुई, जो लोढ़ा चौक, खिड़की गेट, पटवार भवन, गणेश



मंदिर, घण्टाघर चौराहा, जूनिया गेट, चुंगी नाका, कृषि उपज मण्डी होते हुए जयपुर रोड़ स्थित पोकी नाड़ी स्थित खाटूश्याम मंदिर पहुंचकर सम्पन्न हुई।

**आयोजन समिति में ये रहे शामिल :** श्री श्याम प्रेमी सेवा समिति के चंचल कुमार चौकड़ीवाल ने बताया कि आयोजन समिति में पार्षद कैलाशचंद चौधरी, मनोज कुमावत, बालू माली, रामप्रसाद सैनी, श्योजीराम, लालाराम जाट, दशरथ शर्मा, रामकिशोर बियाणी, सुमित धुपिया, जीतू लक्षकार, मयंक न्याति, अनिल गोयल, अभिषेक गोयल, अर्पित अग्रवाल, गौतम साहू, मोहित



### 120 गांवों से आई प्रभात फैरी

श्याम भक्त अभिषेक गोयल ने बताया कि शहर के पोकी नाड़ी स्थित खाटूश्याम मंदिर, लक्ष्मीनारायण मंदिर व बालाजी मंदिर, तीनों मंदिरों की प्रतिष्ठा की तिथि एक ही होने से तीनों मंदिर का पाटोत्सव एक साथ मनाया जा रहा है। पाटोत्सव के दूसरे दिन तीन फरवरी को सुबह नौ बजे करीब 120 गांवों से अलग-अलग श्रीहरिबोल प्रभातफेरी यहां पहुंची, जिनका मंदिर क्षेत्र में भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद भंडारे का आयोजन हुआ।

### निकाली विशाल कलश व निशान यात्रा

पाटोत्सव के अंतर्गत शहर के प्राचीन चारभुजानाथ मंदिर से विशाल कलश व निशान यात्रा निकाली गई, जिसमें 1100 महिलाएं लाल चुनरी में सिर पर कलश धारण किये हुए तथा सैंकड़ों महिला-पुरूष व युवक-युवतियां हाथों में निशान लेकर नाचते हुए चल रहे थे।

मोदी, गोलू सिंधी, हरीश सिंधी, चंदन माहेश्वरी, आशीष बियाणी, अजय तोषनीवाल, अभिषेक जैन सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल थे।



# वाहन रैली निकाल 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के लिए दिया आमंत्रण

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़,( नि.स. )।** शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन एवं गायत्री परिवार ट्रस्ट चित्तौड़गढ़ के नेतृत्व में गायत्री शक्ति पीठ में 5 से 8 फरवरी को आयोजित 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ को सफल बनाने के लिए वाहन रैली निकालकर क्षेत्र के परिजनों को आमंत्रित किया गया।

वाहन रैली प्रभारी चंद्र शेखर पालीवाल ऐवम सह प्रभारी डॉ. योगेश व्यास ने बताया शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में चित्तौड़गढ़ शहर क्षेत्र में 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन होने जा रहा है और जिसकी तैयारी में पूरे क्षेत्र के लोग दिनरात जुटे हुए हैं। और क्षेत्र के परिजनों को सक्रिय करने के साथ ग्रामीणों और नगरवासियों को आमंत्रित करने वाहन रैली का आयोजन किया गया।

वाहन रैली की शुरुआत सैंती स्थित चमत्कारी सॉंवरिया मंदिर से वैदिक मंत्रों से वाहन पूजन, स्वयंसेवकों का स्वागत एवं मशाल ध्वज दिखाकर लगभग 50 वाहन सवारों ने सेन्थी, बापुनगर, पंचवटी, प्रताप नगर, सर्किट हाउस, रेल्वे ओवर ब्रिज, कलेक्टरी चोराहा, शास्त्री नगर चोराहा, सिचाई नगर, सिटी काजवे रोड, सब्जी मंडी, गोल प्याऊ, सुभाष चौक, ओछरी गेट, गांधी नगर सेक्टर 1 से 5 नई पूलिया, रेल्वे स्टेशन, के गली-चौराहों में निमंत्रण देते हुए यज्ञ में शामिल होने का निवेदन किया और वाहन रेली गायत्री शक्ति पीठ चितौड़गढ़ पर आकार समाप्त हुई। मीडिया प्रभारी डॉ. चंद्रशेखर चंगेरिया ने बताया कि यज्ञ आयोजन करने के लिए शांतिकुंज हरिद्वार से प्राप्त निर्देशों के आधार पर युद्ध स्तर पर तैयारी चल रही है जिसमे 5 फरवरी को प्रात: 10:30 बजे विशाल मंगल कलश ऐवम सद ग्रंथ शोभा यात्रा निकली जाएगी, 6 से 8 फरवरी को कार्यक्रम स्थल ईनाणी सिटी सेंटर, खरडेश्वर महादेव के सामने, चित्तौड़गढ़ मे गायत्री महायज्ञ एवं संगीत प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में अब तक 25 किलोमीटर के सभी गांवों में अब तक निमंत्रण दिया जा चुका है।

# विधायक आक्या ने अफीम फसल का जायया लिया



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़,( नि.स. )।** विधायक चंद्रभानसिंह आक्या ने बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत तुम्बडिया के गांव रोजडा में काश्तकार शंकर लाल अहिर के खेत पर जाकर अफीम फसल का जायया लिया। विधायक आक्या ने अच्छी पैदावार होने व सर्वत्र खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर अनिल ईनाणी, शंकर लाल अहिर रोजडा, बंटी सिंह सिरोडी, रामप्रसाद पुरोहित, शम्भू लाल जाट, शंकर लाल अहिर रामाखेडा, कमला बाई, सीता अहिर सहित बडी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायतों में 5 फरवरी से लगेंगे शिविर, फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का होगा आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी, ( नि.स. )।** बूंदी जिले में एग्रीस्टैक योजना अंतर्गत 5 फरवरी से फार्मर रजिस्ट्री अभियान का आयोजन किया जाएगा। इस तहत ग्राम पंचायत स्?तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने बताया कि तहसील रायथल में 5 से 7 फरवरी को खटखड़, 7 से 9 को अन्थड़ा, 10 से 12 को रायथल एवं लालपुरा, 13 से 15 को बम्बोरी एवं ख्यावदा, 17 से 19 को रिहाणा, भैरूपुरा ओझा, अजेता, मायजा एवं गेण्डोली, 20 से 22 को फौलाई में आयोजित किए जाएंगे। इसी तरह तहसील बून्दी में 5 से 7 फरवरी को सिलोर, 7 से 9 को नमाना, 10 से 12 को भैरूपुरा बरड़, दौलाड़ा, 13 से 15 को लोईंचा, धनातरी, 17 से 19 को आमली, गुढ़ानाथावतान, नयागांव, रामगंज एवं कालपुरिया, 20 से 22 को गादेगाल, जावटीकलां, उलेड़ा, हट्टीपुरा एवं मंगाल, 27 फरवरी से 1 मार्च को गुमानपुरा, माटून्दा, नीम का खेड़ा, गरड़दा एवं रामनगर में आयोजित किए जाएंगे। इसी प्रकार तहसील तालेड़ा में 5 से 7 फरवरी को बरून्धन, 7 से 9 को बुधपुरा, 10 से 12 को अल्फानगर, डाबी, 13 से 15 को बडून्दा, धनेश्वर, 17 से 19 को बाजड़, डोरा, बल्लोप, खड़ीपुर एवं जवाहर सागर, 20 से 22 को गोपालपुरा, देहित, रघुनाथपुरा, देलून्दा एवं गणेशपुरा, 24 से 26 को गामछ, लाम्बाखोह, जाखमूण्ड, राजपुरा एवं जमीतपुरा, 27 फरवरी से 1 मार्च को सूतड़ा, कैथूदा, लाडपुर, लक्ष्मीपुरा एवं लीलेड़ा व्यासान, 3 से 5 मार्च को नौताड़ा भोपत, सीन्ता, सुवांसा, तालेड़ा एवं तीरथ, 6 से 8 को ठीकरिया चारणान, अकतासा में आयोजित किए जाएंगे।

इसी प्रकार हिण्डोली में 5 से 7 फरवरी को सथूर, 7 से 9 को बडगांव, 10 से 12 को बड़ानयागांव, अलोद, 13 से 15 को गोठड़ा, विजयगढ़, 17 से 19 को खेरखटा, सांवतगढ़, चतरगंज, आकोदा एवं पेंच की बावड़ी, 20 से 22 को अणदगंज, मेण्डी, चेंता, उमर एवं रोणिजा, 24 से 26 को बसोली, धोवड़ा, काछोला, दबलाना एवं सहसपुरिया, 27 फरवरी से 1 मार्च को डाबेटा, टोंकड़ा, भवानीपुरा, डाटून्दा एवं ओवण, 3 से 5 को गुढ़ा, खींण्या, बडौदिया एवं रानीपुरा, 6 से 8 को गोकुलपुरा, ठीकरदा, मांगलीकलां, धाबाईयों का नयागांव एवं रोशन्दा, 10 से 12 को पगांरा, नेगढ़, तालाबगांव, थाना एवं छाबड़ियों का नयागांव, 17 से 19 को रामचन्द्र जी का खेड़ा में आयोजित किए जाएंगे। इसी प्रकार तहसील केशोरायपाटन में 5 से 7 फरवरी को चितावा, 7 से 9 को सारसला, 10 से 12 को बोरदा काछियान, रड़ी, 13 से 15 को चड़ी, आजन्दा, 17 से 19 को सूनगर, करवाला की झौपड़िया, करवाला, बालोद एवं गुड़ली, 20 से 22 को जलोदा, हिंगोनिया, बलकासा, रोंटेदा एवं लेसरदा, 24 से 26 को अरनेठा, झालीजी का बराना एवं माधोराजपुरा, 27 फरवरी से 1 मार्च को भीया, चरड़ाना एवं जयस्थल में आयोजित किए जाएंगे।

# आज से कपासन नगर में समस्त रोड़वेज बसों का आवागमन पूर्व की भांति संचालित होगा

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** नगर के पांचबत्ती चौराहे पर नाला निर्माण की वजह से बसों का आवागमन विगत दिनों से बंद था।उक्त आवागमन मंगलवार से पूर्व की भांति प्रारंभ हो जायेगा। नगर पालिका कपासन अध्यक्ष मंजूदेवी सोनी ने बताया कि नगर वासियों की मांग थी कि गुलाब सागर में पानी की आवक बढ़े।इसलिए नगर के पांचबत्ती चौराहे से श्री रामदेव जी मंदिर तक नाले का निर्माण कराया जाये।जिसके तहत गत दिनों से नाला निर्माण का कार्य चल रहा है।इस वजह से यात्री बसों का आवागमन नगर में पांचबत्ती चौराहे से होकर बंद था।अब पांच बत्ती चौराहे से भारतीय स्टेट बैंक तक नाले का कार्य पूर्ण हो चुका है। क्षेत्रीय विधायक अर्जूनलाल जीनगर के निर्देश पर मंगलवार से यात्री बसें पूर्व की भांति पांचबत्ती चौराहे से होकर प्रारंभ हो जायेगी। उल्लेखनीय है कि नगर पालिका कपासन अध्यक्ष मंजु देवी सोनी द्वारा व्यापारियों,लारी विक्रेताओं एवं आमजन से उक्त विकास कार्य में सहयोग करने की अपील की गयी है।साथ ही उक्त संदर्भ में राजस्थान राज्य पथ



परिवहन निगम के मुख्य प्रबंधक चित्तौड़गढ़ को पत्र के माध्यम से निवेदन किया गया है कि समस्त रोड़वेज बसों का संचालन कपासन नगर में होकर करने के आदेश जारी करें।

## सूर्य सप्तमी के अवसर पर हुआ सूर्य नमस्कार



बढ़ता राजस्थान

**जजावर( पदम शाह )।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार आज जजावर क्षेत्र की सभी सरकारी गैर सरकारी स्कूलों मे सूर्य सप्तमी के अवसर पर सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम आयोजित हुए। समीपस्थ ग्राम ताकला के सरकारी मिडिल स्कूल में सूर्य सप्तमी के अवसर पर शारीरिक शिक्षक जुगलकिशोर साहू के निर्देशन में स्टाफ एवं छात्र छात्राओं ने सूर्य नमस्कार सामूहिक रुप से साथ-साथ किया। इस अवसर पर संस्था प्रधान नरेशकुमार मीणा शिक्षक रामकिशन नागर , मनीषकुमार बैरवा सुरेन्द्रकुमार जाट व विद्यार्थी मौजूद रहे। यह जानकारी शिक्षक देवराज गुर्जर ने दी।

## सर्वधर्म प्रार्थना सभा के साथ 5 दिवसीय स्काउट गाइड स्थानीय संघ शिविर सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान


**चित्तौड़गढ़,( नि.स. )।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड स्थानीय संघ चित्तौड़गढ़ का पाँच दिवसीय शिविर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं प्रभारी कमिश्नर स्काउट शम्भूलाल सोमानी व स्थानीय संघ चेयरमेन लक्ष्मीनारायण दशोरा के मार्ग निर्देशन में नारायणसिंह हनुमान व्यायाम शाला सामरी में सम्पन्न हुआ। सचिव पंकज दशोरा ने बताया कि पांच दिवसीय स्काउट व गाइड प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ व्यायामशाला संरक्षक पहलवान कैलाश गुर्जर के मुख्य आतिथ्य एवं सामरी प्रधानाचार्य अय्युब खान की अध्यक्षता में ध्वजारोहण के साथ हुआ। मुख्य अतिथि पहलवान कैलाश गुर्जर ने स्काउट गाइड को जीवन में अनुशासन अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया व व्यायाम द्वारा स्वस्थ शरीर पर बल दिया। अय्युब खान ने कहा कि स्काउटिंग में जीवन जीने की कला सिखाई जाती है। अतिथियों का स्वागत निर्मला कुमावत व कविता मेनारिया के निर्देशन में गार्ड ऑफ ऑनर व सेल्यूट से किया गया। स्काउट परम्परा के अनुसार राजकुमार सुखवाल व गोवधनलाल आचार्य ने स्कार्फ पहनाया व पंकज दशोरा शिविर संचालक ने शिविर की रूपरेखा की जानकारी दी। इस शिविर में सावा, सामरी, शंभूपुरा, सेमलिया, चिकसी, अरनियापंथ, जालमपुरा आदि ग्राम पंचायतों के विद्यालयों के 85 स्काउट, 72 गाइड सहित कुल 157 स्काउट गाइड ने तृतीय सोपान प्रशिक्षण कम परीक्षण शिविर में सहभागिता की। शिविर में प्रथम सोपान से तृतीय सोपान तक पाठ्यक्रम प्रशिक्षकों द्वारा कालूलाल नायक के निर्देशन में शिविर नियम प्रार्थना, प्रतिज्ञा, उपलब्ध साधनों से रोगी को ले जाने के स्ट्रेचर बनाना, रोगी को बैशाखी, पीठ, कंधे पर लेजाना बताया। पंकज दशोरा द्वारा ध्वज शिष्टाचार, लेसिंग, पाइनेरिंग, राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत, झण्डों की जानकारी दी गई। शिविर में शिविर संचालक स्काउट पंकज दशोरा, कोषाध्यक्ष राजकुमार सुखवाल, क्वाटर मास्टर गोवर्धनलाल आचार्य, एडवांस स्काउट मास्टर अनिल दक, कालूलाल नायक, शिविर संचालक गाइड निर्मला कुमावत, क्वाटर मास्टर, गाइड कविता मेनारिया, देवेन्द्र सिंह सोलंकी, रिंकू मेहता, केशव व्यास, प्रियंका बाई, विक्रम सोलंकी, शंकरलाल जटिया, चुन्नीलाल कुमावत, सुदर्शन दयाल, चेलांगी जगदिश्वरी उपस्थित रहे।

# शाइन इंडिया के सहयोग से संभाग में दो नेत्रदान संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़( नि.स. )।** शाइन इंडिया फाउंडेशन के नेत्रदान जागरुकता अभियान से 24 घंटे में दो देवलोकगामियों के नेत्रदान संपन्न हुए । रविवार सुबह दानमल जी का आहता,स्टेशन रोड, निवासी राजीव राजपाल के पिताजी श्री हरवंश लाल राजपाल (सेवानिवृत प्रधानाध्यापक) का आकस्मिक निधन हुआ । राजीव के मित्र राकेश अरोड़ा ने परिजनों से हरवंश लाल जी के नेत्रदान करवाने की बात की । राजीव ने अपनी माताजी राजरानी और चाचा कमल राजपाल से सहमति लेकर फाउंडेशन के सहयोग से नेत्रदान का कार्य संपन्न करवाया ।

ज्ञात हो कि,अभी एक माह पूर्व भी हरवंश के छोटे भाई वेद प्रकाश राजपाल का भी नेत्रदान संस्था के सहयोग से संपन्न हुआ था । इसी क्रम में सोमवार को सुभाष नगर,झालरापाटन निवासी अमन व नमन अग्रवाल के पिता राजेंद्र अग्रवाल के निधन की सूचना संस्था के ज्योति मित्र अजय मोमिया से प्राप्त हुई,उनकी






सूचना पर कोटा से डॉ कुलवंत गौड़,नेत्र संकलन वाहिनी ज्योति रथ लेकर झालरापाटन रवाना हुए, तय समय पर पहुंच कर डॉ गौड़ ने परिवार के सभी सदस्यों के बीच डॉ राजेश शर्मा की प्रेरणा से नेत्रदान प्रक्रिया को संपन्न किया ।

# सेंट पॉल सैकण्डरी स्कूल में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( नि.स. )।** सोमवार को सुबह 9 बजे एक भव्य सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, और अन्य कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रों के उच्चारण और सूर्य भगवान के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए की गई। इसके बाद शिक्षक उपास्य व भगवत किशोर के मार्गदर्शन में सभी प्रतिभागियों ने एकसाथ सूर्य नमस्कार के विभिन्न आसनों का अभ्यास किया। सूर्य नमस्कार के महत्व और स्वास्थ्य लाभों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। शिक्षिका नूतन चौहान ने इस अवसर पर कहा कि,卐सूर्य नमस्कार न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि यह मानसिक एकाग्रता और आंतरिक ऊर्जा को भी बढ़ाता है।

हमारे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए इस तरह के कार्यक्रम बेहद जरूरी हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में योग और प्राचीन भारतीय परंपराओं के प्रति




जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को उनके सक्रिय योगदान के लिए प्रोत्साहित किया गया और भविष्य में भी योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आग्रह किया गया। इस सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम ने विद्यालय परिसर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया और सभी में स्वास्थ्य एवं आध्यात्मिकता के प्रति जागरूकता बढ़ाई।

# जिला स्तरीय सूर्य नमस्कार कार्यक्रम, 300 से अधिक विद्यार्थियों ने किया सूर्य नमस्कार

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़,( नि.स. )।** माध्यमिक शिक्षा विभाग के आदेशानुसार जिले के समस्त राजकीय एवं निजी विद्यालयों में सूर्य सप्तमी के पूर्व दिवस 3 फ़रवरी को सूर्य नमस्कार का आयोजन क्रीड़ा भारती के सहयोग से प्रात: 9 बजे शुरू हुआ। जिसमें पांच चक्र में बालक बालिकाओं को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया गया। सूर्य नमस्कार का जिला एवं ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम भामाशाह द्वारका प्रसाद काबरा पुरुषार्थी विद्यालय में आयोजित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) कल्पना शर्मा ने बताया कि जिले के समस्त राजकीय एवं निजी विद्यालयों में बालक-बालिकाओं को प्रार्थना सभा में एक साथ एवं एक समय पर सूर्य नमस्कार करवाकर विश्व रिकॉर्ड कायम किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सूरज की किरणें उर्जा का स्रोत है और सुर्य उर्जा को वर्तमान में वैकल्पित उर्जा का बहुत बड़ा स्रोत माना गया है। सूर्य नमस्कार आयोजन में दक्ष प्रशिक्षक रेखा चौधरी, व्याख्याता शारीरिक शिक्षा राजेश ओझा, जगन्नाथ सिंह, शिक्षा भाटी, सोनिका चोरडिया, रतन गुर्जर, कैलाश तोतला, धर्मेंद्र खटीक, पंकज कुमार काकड़ा इत्यादि उपस्थित रहे। इस अवसर पर पंचायत समिति प्रधान देवेंद्र कंवर, अनिल ईनाणी, शैलेंद्र झवर, क्रीड़ा भारती के संरक्षक



अनिरुद्ध भाटी, सूर्य प्रकाश पाठक, सचिव राम रतन, जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारंभिक) राजेंद्र शर्मा, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शंभू लाल सोमानी इत्यादि उपस्थित रहे।

# परिवहन निरीक्षकों से एसपी ने की अभद्रता : रात 2 बजे चेकिंग पॉइंट से थाने में बंद किया, साढ़े 5 घंटे बाद छोड़ा

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर जिले के जिला परिवहन कार्यालय में तैनात दो परिवहन निरीक्षकों को देर रात को एसपी ने चेकिंग पॉइंट से ले जाकर थाने में बैठा दिया। साढ़े 5 घंटे तक थाने में बिठाने के बाद दोनों परिवहन निरीक्षक को छोड़ दिया गया। घटना से भयभीत दोनों परिवहन निरीक्षक ने जिला परिवहन अधिकारी को पत्र लिखकर शिकायत की है। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव को दिए गए पत्र में बताया गया है कि बरैठा चेक पोस्ट पर परिवहन निरीक्षक अनिल कुमार प्रसाद और शैलेंद्र वर्मा राज्य कार्य को संपादित करते हुए उत्तर प्रदेश की ओर से आ रहे ओवरलोड वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। रात 2 बजे सफेद रंग की बोलेरो उनके पास आकर रुकी। जिसमें से बाहर निकले एसपी सुमित मेहरड़ा ने दोनों परिवहन निरीक्षक से अभद्रता करते हुए उन्हें पुलिस की गाड़ी में बैठा दिया। जिसके बाद दोनों परिवहन निरीक्षक को मनियां थाने में बंद करने का आदेश देते हुए एसपी निकल गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने ट्रांसपोर्ट कमिश्नर शुचि त्यागी और भरतपुर रेंज आईजी राहुल प्रकाश को मामले की सूचना दी। जिस पर डीजीपी के निर्देश पर मामले की जांच के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बयाना हरिराम कुमावत को जांच के लिए धौलपुर भेजा गया है।

**परिवहन निरीक्षकों ने किया काम बंद :** देर रात को हुई घटना के बाद जिले में तैनात सभी परिवहन निरीक्षकों ने ओवरलोड वाहनों की चेकिंग करने से मना कर दिया है। परिवहन निरीक्षकों के मुताबिक उन्हें चेकिंग करने के दौरान पुलिस से डर लग रहा है। रात को जांच के लिए पहुंचेंगे भरतपुर रेंज आईजी परिवहन निरीक्षकों को थाने में बैठाने के मामले की गंभीरता को देखते हुए भरतपुर रेंज आईजी राहुल प्रकाश देर रात को धौलपुर पहुंचेंगे। धौलपुर पहुंचने के बाद सोमवार सुबह आईजी पूरे मामले की जांच करेंगे।

## धौलपुर में परिवहन विभाग का काम ठप

धौलपुर जिले में 2 परिवहन निरीक्षकों को मनियां थाने में ले जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 44 पर परिवहन चेक पोस्ट सूने पड़े हैं। धौलपुर जिले में तैनात परिवहन निरीक्षक काम पर नहीं लौटे हैं। जिसके चलते ओवरलोड वाहन बेखौफ दौड़ते हुए नजर आ रहे हैं। जिले के चेक पोस्ट से प्रतिदिन 2 लाख रुपए से अधिक की राजस्व आय होती है। शनिवार रात हुए घटनाक्रम के बाद से ही परिवहन निरीक्षकों ने काम करने से मना कर दिया है। जिसके चलते उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश बॉर्डर पर बने अस्थाई चेक पोस्ट सूने पड़े हैं। परिवहन विभाग द्वारा चेकिंग बंद किए जाने के बाद से ही जिले में ओवरलोड वाहन धड़ल्ले से एक बॉर्डर को क्रॉस कर दूसरे बॉर्डर तक निकल रहे हैं। परिवहन निरीक्षकों की नाराजगी को लेकर भरतपुर रेंज आईजी राहुल प्रकाश आज धौलपुर में जनसुनवाई करेंगे। जिला कलेक्टर और एसपी के साथ बैठक करने के बाद सर्किट हाउस में जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। शनिवार को जिला परिवहन विभाग में तैनात दो परिवहन निरीक्षक अनिल कुमार प्रसाद और शैलेंद्र वर्मा ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए थे। दोनों परिवहन निरीक्षक ने जिला परिवहन अधिकारी को शिकायत पत्र देकर उन्हें जबरन मनियां थाने में बैठाने का आरोप लगाया था। मामले के तूल पकड़ने के बाद डीजीपी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बयाना हरिराम कुमावत की टीम रात के समय धौलपुर पहुंची। जहां परिवहन कार्यालय में परिवहन निरीक्षकों के बयान लिए गए हैं।




# चिकित्सकों ने किया दो घंटे का कार्य बहिष्कार, सेवड़ा एसडीएम के विरुद्ध कार्यवाही की मांग



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** उप जिला चिकित्सालय में कार्यरत चिकित्सकों ने सोमवार को 2 घंटे तक कार्य बहिष्कार किया। चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. योगेंद्र विजय ने बताया कि बाड़मेर जिले के सेवडा उपखंड अधिकारी ने ओपीडी में अपना चिकित्सकीय दायित्व निर्वहन कर मानवता की सेवा में जुटे चिकित्सक डॉ. रामस्वरूप को धमकाया और अमर्यादित भाषा का उपयोग किया। एसडीएम ने लगभग 250 मरीज के इलाज में बाधा उत्पन्न ही नहीं की अपितु कर्तव्य निभाने वाले चिकित्सक को पुलिस से पकड़वाने की धमकी तक दे दी। जिससे समस्त चिकित्सा समुदाय आहत और आक्रोशित है। इस तरह की घटना के विरोध में उपखंड अधिकारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने की मांग करते हुए सुबह 9 से 11 बजे तक निवाई उप जिला चिकित्सालय के समस्त सेवारत चिकित्सकों ने कार्य का बहिष्कार किया। उन्होंने बताया कि उपखंड अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही नहीं होने पर एआरआईएसडीए के जिला अध्यक्ष और राज्य अध्यक्ष के बताए निर्देशानुसार आगे की रणनीति तय की जाएगी। इस दौरान डॉ. रामजीलाल बैरवा, डॉ. अमितकुमार गोयल, डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. योगेंद्र सिंह शेखावत, डॉ. ममता बिजरानिया व डॉ. आकांक्षा तंवर सहित कई चिकित्सक उपस्थित थे।

### ट्रोला की मरम्मत करते समय जैक फिसला

# खलासी दबा, दो जेसीबी व दो क्रेन की मदद से निकाल कर अस्पताल पहुंचाया




बढ़ता राजस्थान

**निवाई/गुंसी।** राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर एनबीसी फैक्ट्री गुंसी के सामने भिड़ंत के बाद खराब पड़े ट्रोले की मरम्मत करते समय जैक फिसल गया। जिससे खलासी दब गया और घायल हो गया। सदर थानाप्रभारी हीरालाल ने बताया कि शनिवार की रात करीब ग्यारह बजे एनबीसी फैक्ट्री के सामने एक ट्रोला एवं डंपर की भिड़ंत हो गई थी। रविवार को ट्रोला खलासी एवं मिस्त्री ट्रोले के खराब पार्ट को ठीक कर रहे थे। इसी दौरान ट्रोले के नीचे लगा जैक फिसल गया जिससे खलासी छोटू पुत्र शंभू रैबारी उसके नीचे दब गया। उन्होंने बताया कि दो जेसीबी एवं दो क्रेन मंगवाकर ट्रोले के नीचे दबे हुए खलासी को बाहर निकलवाया और एम्बुलेंस की सहायता से सामुदायिक चिकित्सालय पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे टोंक रैफर कर दिया गया।

# 05 फरवरी से लगेंगे किसानों के सम्मान में शिविर, हर किसान का होगा रजिस्ट्रेशन

### वीसी के जरिये हुई बैठक, एसडीएम और तहसीलदार ने दिए कार्मिको को निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी( राजू शर्मा )।** राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल द्वारा प्रदेश के किसानों के लिए विशेष योजना शुरू की गई है। इस योजना को लेकर सोमवार को राजस्व विभाग के बड़े अधिकारियों की वीसी के जरिए पंचायत समिति में एक कॉन्फ्रेंस हुई।जिसमें उच्च अधिकारियों ने बाड़ी एसडीम हेमंत कुमार सहित तहसीलदार उत्तमचंद बंसल को निर्देश दिए की 5 फरवरी से किसानों के लिए कैंपों का आयोजन होना है। जिनमे फार्मर रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। जिसको लेकर पूरी तैयारी की जाए और एक भी किसान रजिस्ट्रेशन से वंचित न हो इसका प्रयास किया जाए। एसडीएम हेमंत कुमार ने बताया कि 5 फरवरी से शुरू हो रहे हैं फार्मर रजिस्ट्रेशन कैंप को लेकर वीसी के माध्यम से जो उच्च अधिकारियों ने निर्देश दिए है। उनको लेकर बाद में बैठक में मौजूद हल्का पटवारी,गिरदावर,कंप्यूटर अनुदेशक, ग्राम सचिव,ईमित्र संचालक आदि को निर्देश दिए हैं। कि सभी कैंपों में अलग-अलग स्टॉल लगाए और किसानों का रजिस्ट्रेशन करें। जिसमें हर किसान का एक रिकार्ड तैयार किया जाएगा। जिसमें खसरा नंबर,किसान का रकबा और किसान से जुड़ी अन्य जानकारियां होंगी। जिससे सभी किसान रजिस्टर्ड होने पर सरकार की किसानों से जुड़ी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले सकेंगे और भविष्य में सरकार की किसानों से जुड़ी योजनाओं में शामिल हो सकेंगे।

# सूर्य सप्तमी को स्कूलों में हुआ सूर्य नमस्कार, शिक्षा विभाग के अधिकारियो ने भी किया योग

### सूर्य नमस्कार अब हर दिन प्रार्थना सभा में करेंगे विद्यार्थी

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( नि.स. )।** उपखंड में सूर्य सप्तमी पर विभिन्न सरकारी और निजी स्कूलों में जहां बच्चों द्वारा सूर्य नमस्कार किया गया वहीं उपखंड मुख्यालय के ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सभी अधिकारी और कार्मिकों के साथ पंचायत समिति के कार्मिकों द्वारा सामूहिक सूर्य नमस्कार पंचायत समिति परिसर में किया गया। इस दौरान मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कल्याण प्रसाद मीणा के साथ ब्लॉक के आरपी सुरेश भारद्वाज और आरएसएस के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं पूर्व पीएमओ डॉ एस डी मंगल कार्यक्रम में मौजूद रहे। शहर के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल किला,गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी बालिका विद्यालय,मत्सुरा सीनियर सेकेंडरी स्कूल एवं विभिन्न सरकारी विद्यालयों के साथ निजी विद्यालयों में भी सामूहिक रूप से स्कूली बच्चों द्वारा सूर्य नमस्कार किया गया। योग शिक्षकों द्वारा इस दौरान स्कूली बच्चों को सूर्य नमस्कार के महत्व को बताया गया। पंचायत समिति परिसर में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ एसडी मंगल ने बताया कि शरीर के साथ शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए यह योग बेहद फायदेमंद है। आज पूरे राजस्थान के विभिन्न स्कूलों में बच्चे एक साथ सूर्य नमस्कार कर रहे हैं । यह भी एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इसके साथ अब रोज स्कूलों में आयोजित होने वाली प्रार्थना सभा में सूर्य नमस्कार कराया जाएगा। यह शिक्षा विभाग का और शिक्षा मंत्री का महत्वपूर्ण निर्णय है। जिसकी सभी लोगों को सराहना करनी चाहिए।

### देवली उपखंड में दूनी के कुलदीप प्रजापत ने जिले में किया नाम रोशन

# मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सुशीला करनानी ने छात्र कुलदीप प्रजापत को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी ) ।** उपखंड क्षेत्र के दूनी तहसील मुख्यालय स्थित पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र कुलदीप प्रजापत ने जिला मुख्यालय टोंक में आयोजित कौशल प्रादर्श प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी एवं प्रधानाचार्य भंवर लाल कुम्हार ने बताया कि राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर के तत्वाधान में जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा टोंक द्वारा व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत आयोजित प्रदर्शन में दुनी के छात्र ने प्रथम स्थान प्राप्त कर दूनी का नाम रोशन किया है। विद्यालय व्यावसायिक शिक्षा के कौशल मित्र लादू लाल मीणा ने बताया कि कक्षा 11 के छात्र कुलदीप प्रजापत ने व्यावसायिक शिक्षा के आईटी एंड आईटीज ट्रेड में मिनी कंप्यूटर बनाकर प्रदर्शन करने पर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। छात्र कुलदीप प्रजापत की इस सफलता पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सुशीला करनानी,परियोजना समन्वयक श्योप्रसाद मीना,सहायक परियोजना सामान्य रामजी लाल मीणा,व्यावसायिक शिक्षा के जिला प्रभारी अनीस अहमद के हाथों समारोह में प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। सम्मान उपरांत पीएम श्री विद्यालय के एसएमसी एवं एसडीएमसी द्वारा प्रधानाचार्य, व्यावसायिक शिक्षा में कार्यरत विटी पूजा सेन एवं चंद्रशेखर बैरवा सहित विद्यालय परिवार को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



# महाविद्यालय में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर की शुरुआत



बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** सोमवार को महाविद्यालय में 7 दिन से राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ किया गया । शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय के निदेशक चंद्रवीर सिंह चौहान द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर चंचल गर्ग द्वारा की गई । निदेशक महोदय ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए जीवन में शिक्षा के महत्व के बारे में बताया एवं छात्राओं को निशुल्क बेग वितरित किए गए। प्राचार्य डॉक्टर चंचल गर्ग द्वारा छात्र-छात्राओं को स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान शिविर प्रभारी गणेश जाट, रमा गौतम,विजयलक्ष्मी गौतम शारीरिक शिक्षक खुशीराम मीणा, हीना महावर, अंकुश जैन, नवीन गौतम आदि उपस्थित रहे । यह जानकारी मीडिया प्रभारी परितोष गौतम ने दी ।

# फार्म रजिस्ट्री शिविरों को लेकर एसडीएम ने ली बैठक, फार्म रजिस्ट्री शिविर कल से



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** उपखंड अधिकारी कार्यालय में फार्म रजिस्ट्री शिविरों के आयोजन को लेकर उपखंड अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। उपखंड अधिकारी हरसोलिया ने बताया कि भारत सरकार द्वारा 5 फरवरी से सभी ग्राम पंचायतों में फार्म रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उक्त शिविरों में पटवारी, भू अभिलेख निरीक्षक, ग्राम विकास अधिकारी व कृषि पर्यवेक्षक कार्मिकों को ब्लॉक स्तर पर नियुक्त किया है। उपखंड अधिकारी हरसोलिया ने बताया कि शिविरों के सफलता पूर्वक आयोजन हेतु सोमवार को दक्ष प्रशिक्षको द्वारा उक्त कार्मिको को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान तहसीलदार नरेशगुर्जर, विकास अधिकारी राजेश्वरी यादव सहित सभी पटवारी व भू अभिलेख निरीक्षक उपस्थित थे।

# परमार्थ सेवा समिति ने किया छठवीं बार सामूहिक अग्रवाल विवाह समारोह

### दूल्हों की निकली सामूहिक बारात,नवदम्पत्ति से लिए अनोखे सात वचन

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी( राजू शर्मा )।** शहर में रविवार को अग्रवाल समाज की परमार्थ सेवा समिति द्वारा छठवीं बार सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 6 जोड़ी दूल्हा- दुल्हन एक दूसरे के हमसफर बने। इससे पूर्व दूल्हों की शहर के किला गेट दाऊजी मंदिर से सामूहिक बारात निकाली गई। जिसमें अग्रवाल समाज के युवा गणमान्य नागरिक और महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान घुड़चड़ी में युवाओं ने जमकर डांस किया और जैसे ही बारात विवाह स्थल अग्रवाल धर्मशाला पहुंची। सभी दूल्हों की अगवानी की गई। इस दौरान कार्यक्रम में पधारे जनप्रतिनिधियों ने सबसे पहले महाराजा अग्रसेन की पूजा अर्चना की। इसके बाद सभी दूल्हा दुल्हनों ने एक दूसरे को मंच पर वरमाला पहनाई।

सामूहिक विवाह समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं भरतपुर विधायक सुभाष गर्ग ने समाज के परमार्थ समिति के इस आयोजन को अतुलनीय बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार से सामूहिक विवाह आज समय की जरूरत है। इस विवाह समारोह मे जो आयोजन का तरीका रखा है वह बहुत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि आगामी 2026 में परिसीमन होगा उसे वक्त कुछ सीटे बढ़ेगी। उनकी इच्छा है की बाड़ी से अग्रवाल समाज का कोई व्यक्ति प्रतिनिधित्व करें। इस दौरान बाड़ी विधायक जसवंत गुर्जर ने भी अपना उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि अग्रवाल समाज हर कार्य मे अग्रणी रहता है। जो समिति का यह पूरा आयोजन है। वह वास्तव में परहित में है। बाड़ी के हर जनमानस में परमार्थ दिखाई देता है। परमार्थ सेवा समिति के इस सामूहिक विवाह समारोह में अन्य तिथियां के रूप में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुन्नालाल मंगल, पूर्व महिला प्रदेश अध्यक्ष कमलेश गर्ग, रोशनी शिवहरे जिला प्रभारी कांग्रेस, प्रीति अग्रवाल पूर्व जिला अध्यक्ष सर मथुरा बाड़ी अध्यक्ष राधेश्याम गर्ग, शिक्षाविद पीडी अग्रवाल, समाजसेवी दिनेश गर्ग, राकेश गर्ग, सुनील गर्ग आदि मौजूद रहे।




# ध्रुव शुक्ला होंगे यूथ कांग्रेस के बाड़ी ब्लॉक अध्यक्ष, योगेंद्र को विधानसभा की जिम्मेदारी

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी( राजू शर्मा )।** भारतीय युवा कांग्रेस के वरिष्ठ राष्ट्रीय सचिव एवं राजस्थान युवा कांग्रेस के प्रभारी मोहम्मद साहिद और प्रदेश अध्यक्ष अभिमन्यु पूनिया के साथ कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष यशवीर शूरा एवं संभाग प्रभारी सीपी मीना के निर्देश पर सोमवार को बाड़ी विधानसभा के यूथ कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष एवं विधानसभा अध्यक्ष की घोषणा की गई है। जिसमें ध्रुव शुक्ला को बाड़ी ब्लॉक का अध्यक्ष बनाया गया है साथ में योगेंद्र सिंह परमार को बाड़ी विधानसभा अध्यक्ष यूथ कांग्रेस मनोनीत किया है। यूथ कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष बनाए जाने पर ध्रुव शुक्ला ने बताया कि वे कांग्रेस पार्टी के लिए समर्पित कार्यकर्ता है पूर्व में हुए सेवादल और किसान कांग्रेस सहित कई संगठनों में काम कर चुके हैं। उन्हें जो अब नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। वे उसका पूरे मन योग से निर्वहन करेंगे और यूथ को कांग्रेस से जोड़ने के साथ पार्टी की ताकत बढ़े इसका प्रयास करेंगे। ध्रुव शुक्ला के ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत होने पर कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष रामेंद्र मीना,सेवादल के जिला पदाधिकारी रोशनी शिवहरे,वरिष्ठ कांग्रेसी रामसेवक अजर, राजकुमार भारद्वाज,लखना यादव, अनिल अरेला,योगेश अग्रवाल सहित तमाम पदाधिकारी ने पीसीसी पदाधिकारी का आभार जताया है और ध्रुव शुक्ला और जोगेंद्र सिंह परमार को बधाई दी है।



# देवली शहर के विद्यालयों में छात्र-छात्राओं ने सूर्य नमस्कार योगासन किया



बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी ) ।** सोमवार को पूरे प्रदेश में एक समय में एक साथ सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया देवली शहर के सरकारी गैर सरकारी विद्यालयों में भी हुआ। इस अवसर पर शहर के विजन इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों को एक समय मे एक साथ सूर्य नमस्कार कराया गया। उल्लेखनीय है कि राजस्थान सरकार के आदेशानुसार समस्त सरकारी गैर सरकारी विघालयो मे सूर्य सप्तमी सूर्य नमस्कार मनाया गया । इसी क्रम मे विजन इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के विघार्थियो ने सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार मंत्र उच्चारण के साथ किया । स्कूल के प्रधानाध्यापक विनय कुमार जैन निर्देशन मे सूर्य नमस्कार कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस मौके पर स्कूल के सभी स्टाफ गन उपस्थित रहे । निदेशक विकास ओर कपिल सिंहल ने विघार्थियो को सूर्य नमस्कार का महत्व समझाया एवं कहा कि सूर्य नमस्कार योगासन योगासनों में सर्वश्रेष्ठ योगासन माना जाता है। इस मौके पर समस्त शिक्षिकाए उपस्थित रही एवं सूर्य नमस्कार मंत्र का उच्च स्वर मे सामूहिक रूप से उच्चारण किया।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** राजकीय महाविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य प्रो. दीपकराज जैन को महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर अर्थशास्त्र व उर्दू विषय और स्नातकोत्तर स्तर पर हिंदी विषय स्वीकृत करवाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। एबीवीपी के जिला संयोजक अजय डोई ने बताया कि महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर अर्थशास्त्र व उर्दू विषय और स्नातकोत्तर स्तर पर हिंदी विषय नही होने से विद्यार्थियों को टोंक व जयपुर सहित अन्य महाविद्यालयों में जाना पड़ता है जिससे विद्यार्थियों को काफी परेशानी होने के साथ-साथ समय एवं पैसों का नुकसान उठाना पड़ता है जबकि नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों को विभिन्न विषय चयन का अधिकार केंद्र सरकार ने दिया हुआ है फिर भी एक कॉलेज में ही सात विषय खोलकर कॉलेज संचालित किए जा रहे है। जो की शिक्षा नीति पर कठोराघात हैं साथ ही ज्ञापन के माध्यमसे महाविद्यालय में हो रहीं अनियमिताओं के बारे में भी प्राचार्य को अवगत कराया गया।

# World Cancer Day

## सही जीवनशैली अपनाकर हम जीत सकते हैं कैंसर की जंग

**'कैंसर' एक ऐसा शब्द है, जिसे अपने किसी परिजन के लिए डॉक्टर के मुंह से सुनते ही परिवार के तमाम सदस्यों के पैरों तले की जमीन खिसक जाती है। दरअसल परिजनों को अपने परिवार के उस सदस्य को हमेशा के लिए खो देने का डर सताने लगता है। बढ़ते प्रदूषण तथा पोषक खानपान के अभाव में यह बीमारी एक महामारी के रूप में तेजी से फैल रही है। कैंसर के संबंध में यह जान लेना बेहद जरूरी है कि यह बीमारी किसी भी व्यक्ति को किसी भी उम्र में हो सकती है लेकिन अगर इसका सही समय पर पता लगा लिया जाए तो उपचार संभव है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का मानना है कि हमारे देश में पिछले बीस वर्षों के दौरान कैंसर के मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है। प्रतिवर्ष कैंसर से पीड़ित लाखों मरीज मौत के मुंह में समा जाते हैं और माना जा रहा है कि वर्ष 2020 तक कैंसर के मरीजों की संख्या एक करोड़ की संख्या को भी पार कर जाएगी।**

कुछ वर्ष पूर्व तक कैंसर को एक असाध्य अर्थात् लाइलाज रोग के रूप में जाना जाता था लेकिन पिछले कुछ वर्षों में कैंसर के उपचार की दिशा में क्रांतिकारी खोजें हुई हैं और अब अगर समय रहते कैंसर की पहचान कर ली जाए तो उसका उपचार किया जाना काफी हद तक संभव हो जाता है। दुनियाभर में कैंसर के मामलों को कम करने के लिए कैंसर तथा उसके कारणों के प्रति लोगों को जागरूक किए जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है ताकि वे इस बीमारी, इसके लक्षणों और इसके भयावह खतरे के प्रति जागरूक रहें। दरअसल कैंसर के करीब दो तिहाई मामलों का बहुत देर से पता चलता है और कई बार तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। इसी उद्देश्य से दुनियाभर में लोगों को कैंसर होने के संभावित कारणों के प्रति जागरूक करने, प्राथमिक स्तर पर कैंसर की पहचान करने और इसके शीघ्र निदान तथा रोकथाम के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए प्रतिवर्ष 4 फरवरी को 'विश्व कैंसर दिवस' मनाया जाता है। दरअसल कैंसर आज न केवल भारत में बल्कि पूरे विश्व में एक ऐसी भयानक बीमारी बन चुका है कि तमाम प्रयासों के बावजूद इसके मरीजों की संख्या में कोई कमी नहीं आ रही है तथा लाखों लोग हर साल इस बीमारी के कारण बेमौत मारे जा रहे हैं। इसी वजह से वर्ष 2005 में विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिवर्ष 4 फरवरी को 'विश्व कैंसर दिवस' मनाने का निर्णय लिया गया ताकि लोगों को इस भयानक बीमारी से होने वाले नुकसान के बारे में बताया जा सके और ज्यादा से ज्यादा जागरूक किया जा सके। दरअसल कैंसर से लड़ने का सबसे बेहतर और मजबूत तरीका यही है कि लोगों में इसके बारे में जागरूकता हो, जिसके चलते जल्द से जल्द इस बीमारी की पहचान हो सके और शुरूआती चरण में ही इस बीमारी का इलाज संभव हो।

यदि कैंसर का पता शीघ्र ही लगा लिया जाए तो उसके उपचार पर होने वाला खर्च बहुत कम हो जाता है लेकिन इसकी पहचान अगर विकसित दशा में होती है तो उपचार की लागत कई गुना बढ़ जाती है। कैंसर के तीसरे या चौथे चरण में पहुंच जाने की स्थिति में मरीज का इलाज मुश्किल हो जाता है और खर्च भी अपेक्षाकृत काफी बढ़ जाता है। ऐसे मरीजों के लंबा जीवन जीने की उम्मीदें भी कम हो जाती है। यही वजह है कि जागरूकता के जरिये इस बीमारी को शुरूआती दौर में ही पहचान लेना बेहद जरूरी माना गया है क्योंकि ऐसे मरीजों के इलाज के बाद उनके स्वस्थ एवं सामान्य जीवन जीने की संभावनाएं काफी ज्यादा होती हैं। हालांकि देश में कैंसर के इलाज की तमाम सुविधाओं के बावजूद अगर हम इस बीमारी पर लगाम लगाने में सफल नहीं हो पा रहे हैं तो इसके पीछे इस बीमारी का इलाज महंगा होना एक बहुत बड़ी समस्या है। वैसे देश में जांच सुविधाओं का अभाव भी कैंसर के इलाज में एक बड़ी बाधा है, जो बहुत से मामलों में इस बीमारी के देर से पता चलने का एक अहम कारण होता है। आधुनिक जीवनशैली, नियमित व्यायाम न करना, भोजन की शुद्धता पर ध्यान न देना, प्रदूषित वातावरण इत्यादि कई ऐसे अहम कारण हैं, जो शरीर में कैंसर विकसित होने के प्रमुख कारक हो सकते हैं। कैंसर के संबंध में यह जान लेना बेहद जरूरी है कि आखिर यह है क्या? हमारे शरीर की कोशिकाएं जब अनियंत्रित होकर अपने आप तेजी से बढ़ने लगती हैं तो कोशिकाओं के समूह की उस अनियंत्रित वृद्धि को ही कैंसर कहते हैं। जब ये कोशिकाएं टिश्यू को प्रभावित करती हैं तो कैंसर शरीर के अन्य हिस्सों में फैल जाता है और ऐसी स्थिति में कैंसर काफी घातक हो जाता है।

वैसे तो कैंसर के सौ से भी ज्यादा प्रकार हैं लेकिन ब्रेन कैंसर के अलावा पुरूषों में मुख्यत: मुंह व जबड़ों का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्त की थैली का कैंसर, पेट का कैंसर, लीवर कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर होता है जबकि महिलाओं में होने वाले कैंसर में स्तन तथा ओवेरियन कैंसर प्रमुख हैं। दुनिया भर में कैंसर से लड़ने और इस पर विजय पाने के चिकित्सीय उपाय हो रहे हैं और चिकित्सा के क्षेत्र में शोधकर्ताओं के प्रयासों के चलते कैंसर का प्रारम्भिक स्टेज में इलाज अब संभव है। यही कारण है कि 1990 के बाद से कैंसर से मरने वालों की संख्या में करीब 15 फीसदी की कमी आई है। वैसे तो कैंसर कई प्रकार का होता है और हर प्रकार के कैंसर के होने के कारण भी अलग-अलग होते हैं किन्तु इस बीमारी के कुछ ऐसे मुख्य कारक होते हैं, जिनकी वजह से किसी को भी कैंसर का खतरा हो सकता है। वजन बढ़ना या मोटापा, शारीरिक सक्रियता का अभाव, अधिक मात्रा में अल्कोहल



तथा नशीले पदार्थों का सेवन करना, पौष्टिक आहार न लेना, नियमित व्यायाम न करना इत्यादि इन कारणों में शामिल हो सकते हैं। कैंसर एक ऐसी खामोश बीमारी है, जिसके कभी-कभार कोई लक्षण सामने नहीं आते किन्तु कैंसर के अक्सर जो लक्षण सामने आते हैं, उनकी जानकारी होना बहुत जरूरी है ताकि ऐसे लक्षण नजर आते ही तुरंत डॉक्टर से सम्पर्क कर जरूरी जांच करा ली जाएं। ऐसे ही लक्षणों में लगातार वजन घटते जाना, शरीर में रक्त की कमी होते जाना, तेज बुखार आना और बुखार का ठीक न होना, निरन्तर थकान व कमजोरी महसूस करना, चक्कर आना, उल्टी होना, भूलना, दौरे पड़ना शुरू होना, आवाज में बदलाव आना, सांस लेने में दिक्कत होना, पेशाब और शौच के समय खून आना, खांसी के दौरान खून आना, लंबे समय तक कफ रहना और कफ के साथ म्यूकस आना, कुछ भी निगलने में दिक्कत होना, गले में किसी भी प्रकार की गांठ होना, शरीर के किसी भी हिस्से में गांठ या सूजन होना, स्तन में गांठ, माहवारी के दौरान अधिक स्राव होना इत्यादि शामिल हैं। कीमोथैरेपी, रेडिएशन थैरेपी, बायोलॉजिकल थैरेपी, स्टेम सेल ट्रांसप्लांट इत्यादि के जरिये कैंसर का इलाज होता है किन्तु यह इलाज प्राय: इतना महंगा होता है कि एक गरीब व्यक्ति इतना खर्च उठाने में सक्षम नहीं होता। इसलिए जरूरत इस बात की महसूस की जाती रही है कि ऐसे मरीजों का इलाज सरकारी अस्पतालों में हो या निजी अस्पतालों में, सरकार ऐसे मरीजों के इलाज में यथासंभव सहयोग करे।

## कैंसर से बचाव के लिए डाइट में जरूर शामिल करें ये फूड्स शरीर

### को होंगे कई बेहतरीन लाभ

पहले कैंसर का नाम कभी कभी सुनने को मिलता था। लेकिन आज के समय में सुस्त जीवनशैली और गलत खानपान के कारण कैंसर जैसी घातक बीमारी आम हो गई है। कई शोधों में यह साबित हुआ है कि कैंसर के अधिकतर मरीजों में खानपान और जीवनशैली का प्रभाव होता है। खराब खानपान, शराब और सिगरेट का सेवन, प्रदूषण, तनाव, मोटापा और सुस्त जीवनशैली से कैंसर का खतरा बढ़ता है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक डाइट में बदलाव करके कैंसर जैसी घातक बीमारी के इलाज में मदद मिल सकती है।

### ग्रीन टी

आमतौर पर लोग वेट लॉस के लिए ग्रीन टी का सेवन करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ग्रीन टी पीने से कैंसर से भी बचाव होता है। ग्रीन टी में एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं जो शरीर में बनने वाले फ्री रेडिकल्स से लड़कर शरीर को सुरक्षा प्रदान करते हैं। इसके अलावा ग्रीन टी सेल्स को डैमेज से बचाने में भी मदद करती है।

### मशरूम

मशरूम की सब्जी खाने में तो स्वादिष्ट लगती है इसके साथ ही यह हमारे स्वास्थ्य के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। एक रिसर्च के मुताबिक मशरूम में एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं जो शरीर में सूजन को कम करते हैं। इसके साथ ही इसमें एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं जो कैंसर से बचाव करने में मदद करते हैं और इम्यूनिटी को मजबूत करते हैं।

### कीवी

कीवी को सुपरफूड कहा जाता है क्योंकि इसमें डीएनए रिपेयर करने के गुण होते हैं। इसके अलावा कीवी में विटामिन सी भरपूर मात्रा में मौजूद होता है, जिससे कैंसर से बचाव होता है। कीमोथेरेपी में कीवी खाने की सलाह दी जाती है।

### क्रूसीफेरस सब्जियां

क्रूसीफेरस सब्जियां जैसे गोभी, ब्रोकली, केल, मूली और स्प्राउट्स भी कैंसर से बचाव करती हैं। इनमें एंटीऑक्सीडेंट, कॉलिन और सल्फोरेन जैसे तत्व मौजूद होते हैं जो इम्यूनिटी बूस्ट करते हैं। इनमें एंटी कैंसर गुण होते हैं जो कैंसर से बचाव करते हैं।

### एपीजेनिनयुक्त फूड्स

ऐसे खाद्य पदार्थ जिनमें एपीजेनिन नामक तत्व मौजूद होता है, कैंसर से बचाव करते हैं। ब्रेस्ट, कोलन, लंग, स्किन और प्रोस्टेट कैंसर में एपीजेनिन युक्त फूड्स फायदेमंद होते हैं। सेब, चेरी, अंगूर, रेड वाइन और सेलरी जैसे फूड्स में एपीजेनिन मौजूद होता है। इन फूड्स को अपने आहार में जरूर शामिल करें।



## कैंसर के प्रति उदासीन रवैया पड़ेगा भारी, सही समय पर पहचानें लक्षण

वर्तमान समय में कैंसर एक भयानक बीमारी के रूप में उभरकर सामने आया है। इसकी चपेट में हर वर्ष सबसे अधिक लोग आते हैं और समय पर इलाज नहीं हो पाने के कारण सर्वाधिक लोग असमय ही काल-कवलित हो जाते हैं। ये सही है कैंसर का इलाज मुश्किल पर नामुमकिन नहीं। कैंसर को लेकर लोगों में अनभिज्ञता और उदासीनता को कम करने तथा इस रोग के प्रति उन्हें जागरूक बनाने, शिक्षित करने, इससे संबंधित मिथकों को मिटाने के लिए प्रतिवर्ष विश्वभर में 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। गौरतलब है कि 1993 में अंतर्राष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण संघ ने स्विट्जरलैंड के जिनेवा में पहली बार कैंसर दिवस मनाया था। लेकिन इस दिवस को मनाने की विधिवत् शुरुआत वर्ष 2005 से हुई थी। तब से यह दिवस हर वर्ष कैंसर को कलंक मानने वाली मानसिकता के पतन के लिए प्रयासरत है। दरअसल, कैंसर का तात्पर्य शरीर में अनियंत्रित रूप से वृद्धि करने वाली कोशिकाओं से हैं। यह अनावश्यक रूप से वृद्धि कर ऊतक को प्रभावित करती है तथा शरीर के बचे हुए भाग को इसके संपर्क में ले लेती है। कैंसर एक ऐसा रोग है जो किसी भी उम्र में हो सकता है। यह एक साल के बच्चे से लेकर 80 साल के बुजुर्ग तक में पाया जा सकता है। वैसे तो कैंसर के सौ से अधिक प्रकार हैं लेकिन इनमें स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, ब्रेन कैंसर, बोन कैंसर, ब्लैडर कैंसर, पेंक्रियाटिक कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर, गर्भाशय कैंसर, किडनी कैंसर, लंग कैंसर, त्वचा कैंसर, स्टमक कैंसर, थायरॉड कैंसर, मुंह का कैंसर व गले का कैंसर प्रमुख है। आमतौर पर शरीर के वजन बढ़ने व शारीरिक सक्रियता में कमी आने तथा दोषपूर्ण व असंतुलित खान-पान, व्यायाम नहीं करने, नशीले पदार्थों के रूप में अल्कोहल की अधिक मात्रा का सेवन करने से इस रोग के शिकार होने की संभावना अधिक रहती है। चाय और कॉफी जैसे पेय पदार्थों के आदी व्यक्ति को भी कैंसर होने का ज़्यादा खतरा रहता है क्योंकि चाय और कॉफी में चार हजार से अधिक घातक तत्व पाये जाते हैं। इसके अलावा मोटापे से ग्रस्त व्यक्ति में कैंसर होने की अधिक संभावनाएं होती हैं। कैंसर एक आनुवांशिक बीमारी होने के कारण कई बार कैंसर से पीड़ित माता-पिता के जीन के माध्यम से यह बीमारी उनकी संतान में भी आ जाती है। वहीं दवाओं के साइड इफेक्ट्स से भी कैंसर होने की बात की जाती है। यदि अब आंकड़ों की बात करें तो हर दिन औसतन 1300 से अधिक लोग इस डरावनी बीमारी के शिकार हो रहे हैं। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद की रिपोर्ट के अनुसार 2020 तक कैंसर के मामलों में 25 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान था। हर साल कैंसर के 10 लाख नए मामलों का निदान किया जा रहा है और 2035 तक हर वर्ष कैंसर के कारण मरने वाले लोगों की संख्या बारह लाख तक बढ़ने की उम्मीद है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के बाकी देशों के मुकाबले भारत में कैंसर रोग से प्रभावितों की दर कम होने के बावजूद यहां 15 प्रतिशत लोग कैंसर के शिकार होकर





अपनी जान गंवा देते हैं। डब्ल्यूएचओ की सूची के मुताबिक 172 देशों की सूची में भारत का स्थान 155वां हैं। वर्तमान में कुल 24 लाख लोग इस बीमारी के शिकार है। फिलहाल भारत में यह प्रतिलाख 70.23 व्यक्ति है। डेन्मार्क जैसे यूरोपीय देशों में यह संख्या दुनिया में सर्वाधिक है यहां कैंसर प्रभावितों की दर प्रतिलाख 338.1 व्यक्ति है। भारत में हर साल कैंसर के 11 लाख नए मामले सामने आ रहे हैं। वर्तमान में कुल 24 लाख लोग इस बीमारी के शिकार है। वहीं पूर्व के आंकड़ों पर ध्यान दिया जाए तो वर्ष 1990 के मुकाबले वर्तमान में प्रोस्टेड कैंसर के मामले में 22 प्रतिशत और महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर के मामले में 2 प्रतिशत और वेस्ट कैंसर के मामले में 33 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। एक अनुमान के मुताबिक भारत में 42 प्रतिशत पुरुष और 18 प्रतिशत महिलाएं तंबाकू के सेवन के कारण कैंसर का शिकार होकर अपनी जान गंवा चुके हैं।

राष्ट्रीय कैंसर संस्थान के एक प्रतिवेदन के अनुसार देश मे हर साल इस बीमारी से 70 हजार लोगों की मृत्यु हो जाती है, इनमें से 80 प्रतिशत लोगों के मौत का कारण बीमारी के प्रति उदासीन रवैया है। उन्हें इलाज के लिए डॉक्टर के पास तब ले जाते हैं जब स्थिति लगभग नियंत्रण से बेकाबू हो जाती है। कैंसर संस्थान की इस रिपोर्ट के अनुसार भारत में हर साल सामने आ रहे साढ़े बारह लाख नए रोगियों में से लगभग सात लाख महिलाएं होती है। लगभग इनमें से आधी साढ़े तीन लाख महिलाओं की मौत हो जाती है। इनमें से भी 90 प्रतिशत की मृत्यु का कारण रोग के प्रति बरते जाने वाली अगंभीरता है। ये महिलाएं डॉक्टर के पास तभी जाती हैं जब बीमारी अनियंत्रण की स्थिति में पहुंच जाती है। ऐसी स्थिति में यह बीमारी लगभग लाइलाज हो चुकी होती है।

नि:संदेह, यदि किसी व्यक्ति को कैंसर से बचाव करना है या कोई देश अपने को कैंसर मुक्त राष्ट्र बनाने का सपना देखता है तो उसे अपने देश में धड़ल्ले से बिक रहे मादक व नशीले पदार्थों व शराब की फैक्ट्रियों पर राजस्व की चिंता कई बगैर रोक लगाने के लिए कदम उठाने होंगे। यहां तक कि मोटापे को बढ़ाने का कारण बन रहे जंक फूड पर फैट टैक्स लागू कर इनके सेवन से आमजन को बचाने के लिए प्रयत्न करने होंगे। कैंसर को लेकर जो प्रमुख बात निकलकर सामने आ रही है वो है लोगों की इस रोग के प्रति अगंभीरता। इससे पता लगता है कि समाज में एड्स की तरह कैंसर के रोगियों के प्रति भी भेदभाव बरकरार है इसलिए लोग शीघ्रता से इस रोग को उजागार करने में संकोच करते हैं। हमें इस रोग से जुड़े मिथकों व विकृत मानसिकता को मिटाने के लिए जन-जागृति कार्यक्रमों में तेजी लानी होगी।

RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

## वसुंधरा राजे ने कहा
# सीएम बनना मेरे हाथ में है क्या?
## बीजेपी कार्यकर्ता ने कहा था- मैडम, आप दोबारा सीएम बन जाओ, आपके ही हाथ में है

बढ़ता राजस्थान

**बाली (पाली)।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे से सादड़ी (पाली) में भाजपा कार्यकर्ता ने कहा- मैडम, आप दोबारा सीएम बन जाओ। इस पर वसुंधरा ने दोनों हाथ दिखाते हुए कहा- मेरे हाथ में है क्या? भाजपा कार्यकर्ता, राजे की बात ठीक से नहीं सुन पाए। यह बात वसुंधरा समझ गईं। उन्होंने दोबारा कहा- मेरे हाथ में है क्या? और मुस्कुराने लगीं। इस पर कार्यकर्ता ने फौरन कहा- आपके ही हाथ में है। दरअसल, पूर्व सीएम वसुंधरा राजे सोमवार को पाली जिले के बाली कस्बे के बारवा गांव गई थीं। यहां एक परिचित शिक्षक नरपत सिंह राजपुरोहित की बेटी का विवाह समारोह था। वसुंधरा राजे ने नव दंपती को आशीर्वाद दिया। विवाह समारोह में जाते समय रास्ते में उनका काफिला सादड़ी (पाली) में रुका था। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

**बुजुर्ग महिला ने कान में कुछ कहा, वसुंधरा राजे मुस्कुराने लगीं**–सादड़ी कस्बे के आखरिया चौक पर बीजेपी के मंडल अध्यक्ष गोविंद मीणा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं की भीड़ लग गई थी। महिला कार्यकर्ता भी वसुंधरा राजे को देखने पहुंचीं। वहां गाड़ी रोककर राजे ने कार्यकर्ताओं से बात की। कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से उनका सम्मान किया। साथ ही चुनरी भी ओढ़ाई।

### जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल
## फिल्ममेकर को गालियां-पत्थर उसके नाम से मिलने चाहिए : इम्तियाज अली
### ज्यादा इज्जत नहीं दी जाए; 9वीं में फेल होना मेरे जीवन का टर्निंग पॉइंट



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल का सोमवार को समापन हो गया। जेएलएफ अगले साल 15 से 19 जनवरी तक होगा। जेएलएफ के आखिरी दिन फिल्म डायरेक्टर इम्तियाज अली ने कहा- मुझे इम्तियाज ही कहिए। इम्तियाज जी सुनना ऐसा लगता है, जैसे किसी और का नाम हो। मुझे लगता है कि फिल्ममेकर को ज्यादा रेस्पेक्ट (इज्जत) नहीं दी जानी चाहिए। एक फिल्ममेकर को गालियां-पत्थर उसके नाम से ही मिलने चाहिए।

सेशन जब वी मेट इम्तियाज अली में फिल्म क्रिटिक अनुपमा चोपड़ा से बातचीत में इम्तियाज ने कहा- मैं 9वीं में फेल हो गया था। यह मेरे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण क्षण था। क्योंकि, इससे मुझे विफलताओं का सामना करना आया और मैं वह सब कर पाया, जो करना चाहता था। उन्होंने कहा- बड़े स्टार भी फिल्मों की सफलता की गारंटी नहीं होते। बस, अपना काम कीजिए। अपने आप को किसी भी सफलता-विफलता के बोझ से मुक्त कीजिए। उन्होंने कहा- मैं उन जगहों पर फिल्में शूट नहीं करता, जहां खाना अच्छा नहीं मिलता। क्योंकि मैं फिल्में बनाता हूं, इसलिए झूठ नहीं बोलता।

## सुप्रीम कोर्ट से राम रहीम को राहत नहीं
### पंजाब सरकार को तीन हफ्ते में दाखिल करना होगा जवाब, 18 मार्च को होगी सुनवाई

बढ़ता राजस्थान

**चंडीगढ़।** बरगाड़ी बेअदबी मामले से जुड़े मामले की याचिका पर आज (3 फरवरी को) सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई है। पंजाब सरकार को अदालत ने जवाब दाखिल करने का तीन हफ्ते की मोहलत मिली है। हालांकि इस मामले में डेरा सच्चा सौदा, सिरसा के मुखी राम रहीम को राहत नहीं मिली है। वहीं, अब इस मामले की सुनवाई 18 मार्च को होगी।

### ऐसे चली आज अदालत में हुई सुनवाई

पंजाब सरकार की याचिका पर गत सुनवाई पर पजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें गुरमीत राम रहीम के खिलाफ 2015 में पवित्र ग्रंथ श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी के मामलों में ट्रायल पर रोक लगाई गई थी। इस मौके राह रहीम के वकील ने अदालत को बताया कि पंजाब राज्य ने इन मामलों की जांच के लिए सीबीआई को भेजा था।

### राजस्थान विधानसभा
# मुख्यमंत्री जी, किरोड़ी वाला मामला तो सॉल्व करना पड़ेगा : डोटासरा
## सीएम केंद्र के बजट में डेढ़ घंटे पेन-डायरी लेकर बैठे, कुछ नहीं लिख पाए

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर बहस के दौरान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने ईआरसीपी और यमुना जल परियोजना को लेकर सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए।

डोटासरा ने कहा- मध्य प्रदेश के साथ ईआरसीपी का क्या समझौता हुआ, यह जनता जानना चाहती है। केंद्र के 2 बजट आ गए, लेकिन एक धेला भी नहीं मिला। उन्होंने नोनेरा बांध को लेकर भी सरकार के दावों को खारिज करते हुए कहा कि यह कांग्रेस सरकार की देन है।

मुख्यमंत्री पर कटाक्ष करते हुए डोटासरा ने कहा- वे भामाशाह बनकर घूम रहे हैं। चार महीने बीत गए, लेकिन यमुना जल समझौते की डीपीआर तक नहीं बनी। उन्होंने केंद्रीय बजट के दौरान मुख्यमंत्री के पेन-डायरी लेकर बैठने का जिक्र करते हुए कहा कि डेढ़ घंटे बैठे रहे, लेकिन कुछ लिख नहीं पाए।

गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा- मुख्यमंत्री जी यह किरोड़ी जी वाला मामला तो आपको सॉल्व करना पड़ेगा, वो मेरे साढ़ू हैं। किरोड़ी ने दौसा में भी कहा कि मुख्यमंत्री मेरे भाई हैं, भाई बनाकर छुरा घोंप दिया। जब आपका कैबिनेट मंत्री यह कह रहा है बीसलपुर से रोजाना 7 करोड़ की बजरी चोरी हो रही है और उसके बाद में सब मौन धारण किए हुए हो, इसका मतलब पूरी सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त है, किरोड़ी जो कह कर गए हैं यह छोटी बात नहीं है।





### स्वास्थ्य मंत्री ने धर्मांतरण विरोधी बिल पेश किया

विधानसभा में स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने धर्मांतरण विरोधी बिल पेश किया। इस बिल को बजट सत्र में ही बहस के बाद पारित करवाया जाएगा। विधेयक के पारित होने की तिथि बाद में निर्धारित की जाएगी। बिल के प्रावधानों के अनुसार, खुद की मर्जी से धर्म परिवर्तन करने पर भी कलेक्टर को सूचना देनी होगी। मर्जी से धर्म बदलने पर 60 दिन पहले कलेक्टर को सूचना देकर धर्म परिवर्तन कर सकता है, लेकिन यह प्रक्रिया अपनाना जरूरी होगा। इस बिल में लव जिहाद के खिलाफ भी प्रावधान है। बिल में लव जिहाद को परिभाषित किया है। अगर कोई धर्म बदलवाने के लिए शादी करता है, वह लव जिहाद माना जाएगा। अगर यह साबित होता है कि शादी का मकसद लव जिहाद है तो ऐसी शादी को रद्द करने का प्रावधान होगा। अगर कोई व्यक्ति धर्म परिवर्तन कराने के उद्देश्य से शादी करता है। फैमिली कोर्ट ऐसे विवाह को अमान्य घोषित कर सकता है।

## प्रश्नकाल में इन 2 मुद्दों पर हुआ हंगामा..

### किरोड़ीलाल की गैरमौजूदगी पर विपक्ष भड़का

इससे पहले कृषि मंत्री किरोड़ीलाल की गैरमौजूदगी और महंगे कोयले को लेकर विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। विपक्षी विधायकों की टोकाटाकी से स्पीकर भी नाराज हो गए और उनके दखल से मामला शांत हुआ। कांग्रेस विधायक चेतन पटेल के पीपलदा में फसल खराबे से जुड़े सवाल का जवाब ग्रामीण विकास राज्य मंत्री ओटाराम देवासी ने दिया, क्योंकि कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा सदन में नहीं थे। विपक्ष ने इस पर आपत्ति जताई।

### उपनेता प्रतिपक्ष ने कहा- कब तक अडाणी को बचाओगे

दूसरा विवाद पावर प्लांट्स के लिए महंगे कोयले की खरीद को लेकर हुआ। उपनेता प्रतिपक्ष रामकेश मीणा ने अडाणी को फायदा पहुंचाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कब तक अडाणी को बचाओगे।

ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर ने पलटवार करते हुए कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार के समय छत्तीसगढ़ से तालमेल न होने के कारण पारसा कोल माइंस बंद हुई थी। जिससे 40% अधिक कीमत पर कोयला खरीदना पड़ा। उन्होंने दावा किया कि वर्तमान सरकार में कोई घाटा नहीं हो रहा है और कांग्रेस शासन का पूरा हिसाब-किताब सार्वजनिक करने की चुनौती दी।

### कांग्रेस विधायक विकास चौधरी के आरोपों पर हंगामा

विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर बहस के दौरान कांग्रेस विधायक विकास चौधरी ने कहा अजमेर जिले में विपक्ष का एकमात्र विधायक हूं, वहां के मंत्री और लोग कहते हैं कि हम मुख्यमंत्री के पार्टनर हैं, जितना लूटना है इस किशनगढ़ को उतना लूट लो। इस प्रकार भ्रष्टाचार का तांडव अजमेर और किशनगढ़ में चल रहा है।

### डिप्टी सीएम अंग्रेजी स्कूल रिव्यू पर साइन नहीं करेंगे : डोटासरा

विधानसभा में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि अंग्रेजी स्कूलों का रिव्यू करने वाली कमेटी से डिप्टी सीएम को हटाना पड़ेगा। दूदू में लोग अंग्रेजी स्कूल बंद करने के खिलाफ हैं, वो साइन करने से मना कर देंगे जैसे किरोड़ी की छुट्टी के लिए सब अफसरों ने साइन करने से मना कर दिया था। उसके बाद शिखर साहब को साइन करने पड़े कि मुझे निर्देश प्राप्त हुआ। लोगों को अचंभा हुआ लेकिन मुझे नहीं हुआ। जब सारे काम पर्ची से हो रहे हैं तो पर्ची आई होगी।

### डोटासरा बोले- कैबिनेट मंत्री कह रहा इंटेलिजेंस फेल है

एक कैबिनेट मंत्री सरकार के खिलाफ बात कहता है तो वह सरकार की सामूहिक जिम्मेदारी होती है, आपका मंत्री सदन में नहीं आ रहा। कैबिनेट मंत्री जब कहे कि लोग मिले हुए हैं, 7 करोड़ की बजरी रोज निकाली जा रही है। वो कह रहा है इंटेलिजेंस फेल है, मुख्यमंत्री का गृह विभाग मेरे खिलाफ साजिश कर रहा है, यह क्या हो रहा है यह गुड गवर्नेंस की निशानी नहीं लगती। डोटासरा ने कहा कि जिस शिक्षक का अश्लील वीडियो आया था उसे शिक्षा मंत्री कोऑर्डिनेटर बनाने वाले थे। शिक्षा मंत्री ने उसकी सिफारिश की थी।

### मंत्री मदन दिलावर के जवाब पर विधानसभा में नोकझोंक

विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर के जवाब पर नोकझोंक हुई। कांग्रेस विधायक रामनिवास गावड़िया के सवाल पर पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि कांग्रेस राज में एक विकास अधिकारी को 9 बार बदला गया, लेनदेन किया होगा, पता ही नहीं ऐसी क्या बात हो गई? इस पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि आप अपना बता दीजिए, एक साल में पांच बार विकास अधिकारी को बदला है। 16 सीसीए की चार्जशीट के बाद बदला है, उसको वापस क्यों लगाना चाहते हैं? मेरा भी आरोप है कि आप जो लेनदेन की बात कर रहे थे, तो क्या आप लेनदेन करके वापस लगा रहे हो? आप उस विकास अधिकारी पर कार्रवाई करना चाहते हो या नहीं करना चाहते हो।

### रविंद्र भाटी ने किसानों की जमीन लेने के बदले मुआवजा बढ़ाने का मुद्दा उठाया

निर्दलीय विधायक रविंद्र भाटी ने बाड़मेर, जैसलमेर और बीकानेर जिलों में सोलर पावर प्लांट लगाने और हाईटेंशन लाइन लगाने के लिए किसानों की जमीनें लेने के बदले मुआवजा बढ़ाने और किसानों की समस्याओं का मुद्दा उठाया। भाटी ने शून्यकाल में पर्ची के जरिए मामला उठाते हुए कहा कि इस इलाके में कई हाईटेंशन लाइनें निकल रही हैं, आप लाइनें निकालिए, हम विकास के विरोधी नहीं है लेकिन किसानों को उचित मुआवजा दें। जमीन लेने के लिए पुलिस प्रशासन उन इलाकों में किसानों को धमका रहा है।

### डॉ किरोड़ी को पूरे बजट सत्र में गैर हाजिर रहने की अनुमति; जूली बोले- किरोड़ी मजबूर हैं

कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा पूरे बजट सत्र विधानसभा नहीं आएंगे। विधानसभा में प्रश्नकाल खत्म होते ही डॉ. किरोड़ी के पूरे बजट सत्र सदन से गैर हाजिर रहने की अनुमति का प्रस्ताव लाया गया। इसके बाद उन्हें सदन से गैर हाजिर रहने की अनुमति दे दी गई।

# शाह बोले- दिल्ली में बड़े- छोटे मियां की ठग जोड़ी
## केजरीवाल-सिसोदिया ने दिल्ली को लूटा, 10 साल तक कुछ नहीं किया

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली चुनाव के प्रचार के आखिरी दिन सोमवार को गृहमंत्री अमित शाह ने जंगपुरा में रैली की। शाह ने रैली में आप चीफ अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया पर निशाना साधा। शाह ने कहा- ये बड़े मियां- छोटे मियां वाली ठग जोड़ी है। इन्होंने दिल्ली को लूटने का काम किया। शाह ने कहा- आप ने दिल्ली में 10 साल में कोई काम नहीं किया। दिल्ली प्रदूषण और भ्रष्टाचार मुक्त नहीं हुई। केजरीवाल ने यमुना को साफ करने का वादा पूरा नहीं किया। आप ने दिल्ली में शराब की दुकान खोली। शिक्षा मंत्री शराब घोटाले में जेल गए।

### अमित शाह के भाषण के मुख्य मुद्दे

**सिसोदिया के विधानसभा सीट बदलने पर**– मनीष सिसोदिया को पटपड़गंज छोड़कर जंगपुरा आना पड़ा। उन्होंने अपनी सीट क्यों बदली। शिक्षा मंत्री का काम होता है, बच्चों को शिक्षा देना, स्कूल बनाना, शिक्षकों का कल्याण करना, नए कॉलेज बनाना। ये सब तो कुछ मनीष सिसोदिया ने किया नहीं, बल्कि दिल्ली में गली-गली में शराब की दुकानें खोली है।

**यमुना की सफाई पर**– आप ने वादा किया था कि हम यमुना के पानी को साफ करेंगे। केजरीवाल जी, आपने तो यमुना जी को स्वच्छ नहीं किया, लेकिन आज मैं कह रहा हूं कि दिल्ली में भाजपा की



सरकार बना दीजिए, तीन साल में हम यमुना रिवर फ्रंट बनाने का काम करेंगे।

**फ्री स्कीम्स पर**– मोदी जी ने वादा किया है कि दिल्ली में गरीब कल्याण की एक भी योजना बंद नहीं होगी। इसके अलावा दिल्ली की हर गरीब महिला को प्रतिमाह 2,500 रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। 500 रुपए में एलपीजी सिलेंडर देंगे और होली व दीपावली पर दो सिलेंडर फ्री दिया जाएगा। 10 लाख तक का मुफ्त इलाज दिया जाएगा। हर झुग्गी-झोपड़ी को मालिकाना हक देने का काम किया जाएगा।

**धारा 370 पर**– भाजपा ने वादा किया था कि हम जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाएंगे। केजरीवाल जी, राहुल बाबा, अखिलेश, ममता जी। इन सभी ने विरोध किया और कहा कि अनुच्छेद 370 हटाओगे तो कश्मीर में खून की नदियां बह जाएंगी।

# महिला कानूनों के दुरुपयोग के आरोप वाली याचिका खारिज
### ये मुद्दे संसद में जाकर उठाएं : एससी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने महिला-केंद्रित कानूनों से जुड़ी याचिका पर सुनवाई करने से इनकार करते हुए उसे खारिज कर दिया। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने याचिकाकर्ता से कहा कि आप संसद में जाकर इन सभी आधारों को उठा सकते हैं। याचिकाकर्ता रूपशी सिंह ने कानूनों के दुरुपयोग का आरोप लगाया था, साथ ही मांग की थी- दहेज निषेध, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण और भारतीय दंड संहिता में महिलाओं के प्रति क्रूरता से जुड़े प्रावधानों से पुरुषों को भी संरक्षण दिया जाए। याचिका में कानून में दुर्भावना, आरोपित प्रावधानों में निहित अतार्किकता और उनमें समानता न होने को उजागर किया गया है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# सूर्य नमस्कार का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की तैयारी में राजस्थान
## जयपुर में शिक्षामंत्री ने स्टूडेंट्स के साथ किया योग, बोले- स्कूलों में हर दिन होगा सूर्य नमस्कार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान की भजनलाल सरकार सूर्य सप्तमी से एक दिन पहले ही वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की तैयारी कर रही है। सोमवार को प्रदेशभर के सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में स्टूडेंट्स, पेरेंट्स और टीचर्स ने एक साथ सामूहिक सूर्य नमस्कार किया। इस दौरान शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने भी जयपुर के एसएमएस इन्वेस्टमेंट ग्राउंड में स्टूडेंट के साथ सूर्य नमस्कार किया।

मदन दिलावर ने बताया- इस बार 3 फरवरी के दिन सूर्य सप्तमी से पहले 4 फरवरी को सरकारी अवकाश है। ऐसे में आज सूर्य सप्तमी से एक दिन पहले राजस्थान के सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के सभी स्टूडेंट्स, शिक्षक और अभिभावकों ने सूर्य नमस्कार के सामूहिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इसका शिक्षा विभाग द्वारा एनालिसिस किया जा रहा है। दोपहर बाद इसका ऑफिशल डेटा भी हम जारी करने की कोशिश करेंगे। उसके बाद उस डेटा के आधार पर वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए भी अप्लाई किया जाएगा।

उन्होंने कहा- राजस्थान में सिर्फ सूर्य पर ही नहीं बल्कि, पूरे शैक्षणिक सत्र में सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जाता है। शिक्षा विभाग द्वारा बाकायदा इसका आदेश जारी किया जा चुका है। इसके तहत स्कूलों में प्रार्थना के समय रोज तीन सूर्य नमस्कार करवाए जाते हैं।स्कूलों में सूर्य नमस्कार करवाए जाने का यह सिलसिला पूरे साल था और आगे भी रहेगा।

दरअसल, शिक्षा विभाग द्वारा आज पिछले साल



78,974 स्कूलों में 1.33 करोड़ स्टूडेंट्स द्वारा सूर्य नमस्कार कर बनाए गए वर्ल्ड रिकॉर्ड को ब्रेक करने की कोशिश की जा रही है। इसको लेकर शिक्षा विभाग ने सिर्फ स्टूडेंट और टीचर्स बल्कि, उनके पेरेंट्स को भी सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की थी। शिक्षा विभाग की अपील के बाद प्रदेश भर में बड़ी संख्या में स्टूडेंट शिक्षक के साथ पैरेंट्स भी इस कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। इसका आधिकारिक डेटा आज शाम तक शिक्षा विभाग की साइट पर अपलोड कर दिया जाएगा।

### 20 मिनट तक हुआ योगा अभ्यास

दिलावर ने बताया कि आज राज्य के सभी राजकीय और गैर राजकीय शिक्षा संस्थानों में एक साथ एक समय पर सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी ने 3 बात सूर्य नमस्कार की योग की क्रिया को पूरा किया। ऐसे में अब इस पूरे कार्यक्रम की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी रिपोर्ट आने के बाद शाम तक आयोजन का पूरा डेटा शाला दर्पण और पीएसपी पोर्टल पर अपलोड कर वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए आवेदन किया जाएगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक (राज.) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय मो.नं. 9414823448 प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर (राज.) फोन नं.0141-2796794,2796795,
E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा)